खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C
देहरादून, सोमवार 10 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 93 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल पेज 2



मेघालय के आकाश चौधरी ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे खेल टाइम्स



वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब सम्पादकीय




पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे पेज 12

# गुजरात में ISIS के तीन आतंकी गिरफ्तार

## देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग का एटीएस का दावा

अहमदाबाद, वार्ता



■ हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात, 3 पिस्तौल, 30 कारतूस व भारी मात्रा में केमिकल बरामद

**गुजरात में आतंकी** साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) ने हथियार सप्लाई करते समय तीनों संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पकड़े गए इन लोगों की पहचान डा. सैयद अहमद मोहिउद्दीन, मोहम्मद सुहेल और आजाद के रूप में की गई। पुलिस ने तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ये पिछले एक साल से गुजरात एटीएस के रडार पर थे। तीनों को हथियार सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। ये देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमले करने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदराबाद का एक व्यक्ति सैयद अहमद मोहिउद्दीन आतंकी गतिविधियों में शामिल है और उसी के लिए अहमदाबाद आने वाला था। जांच करने पर, अहमदाबाद में उसकी गतिविधि का पता चला। उसे अडालज के पास एक टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो ग्लॉक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। सैयद अहमद मोहिउद्दीन की उम्र 35-36 साल है। उसने चीन से एमबीबीएस किया था। वह एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देना चाहता था, जिससे भारी नुकसान हो। वह कई विदेशियों -**शेष पृष्ठ दो पर**

# उत्तराखंड से मेरा गहरा लगाव: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीएम ने दी 8260 करोड़ की सौगात, स्थापना के 25वें वर्ष पर स्मारक डाक टिकट भी किया जारी

**देहरादून।** स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड पहुंचे। प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गढ़वाली में अपना संबोधन शुरू कर लोगों में जोश भरा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 8140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के विशाल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में पीएम मोदी ने गढ़वाली से शुरू किया संबोधन: दीदी भुल्यों.. .दाणा सयाणों। आप सभी तैं म्यार नमस्कार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाली में संबोधन की शुरुआत की तो लोग उत्साह और जोश से भर गए। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रजत जयंती समारोह के मौके पर उत्तराखंड को -**शेष पृष्ठ दो पर**

### पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को दिखाया, हम किसी से कम नहीं: धामी

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीनाथ, महासू देवता, गोल्ज्यू देवता समेत सभी देवताओं का स्मरण करता हूं। देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों और अमर बलिदान देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को याद करता हूं। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में ये विश्वास जगाया है कि हम किसी से कम नहीं। उत्तराखंड भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में अपनी भागीदारी करने को तैयार है।

### प्रदर्शनी में उत्तराखंड की सफलता की गाथा: पीएम

रजत जयंती पर लगाई गई खास प्रदर्शनी को देखने के लिए पीएम मोदी ने सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तराखंड की सफलता की गाथा है। 25 साल पहले बजट सिर्फ 4000 करोड़ रुपये था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है। बिजली उत्पादन 4 गुना ज्यादा हो गया। सड़कों की लंबाई 2 गुनी हो गई। 6 माह में 4000 यात्री हवाई जहाज से आते थे ,आज एक दिन में 4000 से ज्यादा आते हैं। आज 10 मेडिकल कॉलेज हैं।

## बिहार चुनाव 2025: दूसरे फेज की 122 सीटों पर प्रचार थमा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर रविवार को पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान 11 नवम्बर को होगा। रविवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंवेदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, चौनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा।

# पूर्वोत्तर भारत में IAF का पहला एयर शो



**गुवाहाटी।** भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस पर नार्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए।

इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलीकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है। फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर- एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्यकिरण विमान शामिल हुए।




To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.
DEHRADUN 9719355666

MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में छात्र समेत दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** जिले के थाना कादरीगेट क्षेत्र के बढ़पुर में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन श्याम पाल ने बताया कि नुनहाई निवासी बीटेक छात्र संभव मिश्रा अपने दोस्त निश्चय अग्निहोत्री के साथ जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे युवक प्रवीन यादव की बाइक आपस में टकरा गई। फतेहगढ़ी निवासी प्रवीन डिलीवरी बॉय का काम करता है। हादसे में संभव सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। कुछ मिनटों बाद मौके पर मौजूद फूड डिलीवरी बॉय के साथी पहुंचे और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। हादसे के दौरान संभव को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में शव को लोहिया अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल प्रवीन यादव ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### अलीगढ़ में पुलिस पर फायरिंग, एक सिपाही घायल

**अलीगढ़।** तालों की नगरी अलीगढ़ की पुलिस पर रविवार की सुबह हमला हो गया। पुलिस टीम टप्पल थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक वांछित हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिए सुबह दबिश देने गई थी। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हमले में एक पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गया। उसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। टप्पल थाने की पुलिस टीम रविवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम जलालपुर में वांछित हिस्ट्रीशीटर शाका की गिरफ्तारी के लिए गई थी। शाका पर पहले से कई आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं।

### अररिया में कांग्रेस और राजद पर जमकर बरसे सीएम योगी

# बिहार में फिर लाना चाहते हैं जंगलराज

**पटना, वार्ता**

बिहार के अररिया में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व राजद रामद्रोही हैं और फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। बिहार में इस बार के विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने जमकर प्रचार किया है। 9 नवंबर को उन्होंने अररिया के सिकटी विधान सभा क्षेत्र में चुनावी रैली के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित किया।



- जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा
- कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार व दलाली तक सीमित

योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार का विकास केवल एनडीए सरकार ही कर सकती है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है, जबकि कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार और दलाली तक सीमित रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज बिहार के पास वो सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और गरीबों के कल्याण की विरासत है। कांग्रेस-आरजेडी कहते थे कि राम नहीं हैं और अगर राम नहीं हैं, तो माता जानकी कैसे होंगी। कांग्रेस कहती थी कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा। आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा रोक दी। उत्तर प्रदेश में उनकी सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोली चलवाई। सीएम योगी ने कहा कि जब कांग्रेस, आरजेडी और सपा ने कहा कि वे राम मंदिर नहीं बनने देंगे, तो हमने कहा कि राम लला, हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और अयोध्या में राम मंदिर बना। अयोध्या में भगवान श्री राम को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया है। राम लला विराजमान हो गए हैं। राम लला के साथ, माता जानकी, भगवान राम, बजरंगबली, लक्ष्मण जी भी हैं। अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। सीएम योगी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की आस्था को अपमानित किया और अब फिर से बिहार में अस्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उस दौर में 60 से ज्यादा नरसंहार की घटनाएं हुई थीं।

#### बिहार के लोगों ने इन दलों को चुना, तो फिर अराजकता के दौर में चला जाएगा

उन्होंने जनता को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस और आरजेडी वापस सत्ता में आईं, तो बिहार फिर से अपराध और अराजकता के दौर में चला जाएगा। योगी ने कहा कि 2005 में नीतिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार ने विकास की नई राह पकडी। आज हर गांव तक सड़कें, बिजली और अन्य सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। योगी ने कहा कि आज का बिहार बदला हुआ है। पहले जो राज्य अंधेरे और भय से भरा था, वहां अब विकास की रफ्तार दिखती है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया है। जनता को यह देखना होगा कि जो पार्टियां कभी राम मंदिर का विरोध करती थीं, वे आज भी उसी मानसिकता में जी रही है। योगी ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाना है, तो जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा।

# भाजपा लोकतंत्र में नहीं, लूटतंत्र में करती है यकीनः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।

यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। आजादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाजे वाली राजनीति' और 'खुफियाखोरी' का सहारा लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुखबरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। सपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिंता और प्रतिष्ठा पर आंच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

# यूपी में पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में गुलाबी ठंड शुरू हो चुकी है। गुलाबी ठंड बीतने के साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे रजाई-कंबल की जरूरत महसूस होने लगी है। लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में सुबह-शाम घना कोहरा छा रहा है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की भविष्यवाणी की है। हालांकि बारिश की कोई संभावना नहीं है।

पूर्वांचल के जिलों में तो दो दिन पहले से ही लोग रजाई निकाल लिए है, अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी ठंड पड़ने लगी है। खासतौर पर रात के समय तापमान 14 डिग्री



- कोहरे के आगोश में लखनऊ और अयोध्या

सेल्सियस से भी नीचे चला जा रहा है। ऐसे में बिना कंबल-चादर ओढ़े नींद आने का तो सवाल ही नहीं। मुश्किल सुबह सुबह काम पर निकलने वालों के लिए है। सुबह मौसम काफी ठंडा रह रहा है, जबकि दोपहर के समय थोड़ी गर्मी रह रही है। मौसम विभाग के मुता. बिक अगले एक हफ्ते में रात का तापमान और नीचे जाएगा। दिन के तापमान में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में चाहें पूर्वांचल हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रजाई तो निकालना ही पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी कंपाने वाली ठंड शुरू नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह के अंदर ठिठुराने वाली ठंड शुरू हो जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय हल्का कोहरा रहा रहा है, वहीं दिन में धूप भी निकल रही है। शनिवार-रविवार की रात राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन कोहरे के आगोश में रहा। कुछ यही स्थिति अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भी रही। उधर बनारस में कोहरे की वजह से कैंट स्टेशन भी धुंधला नजर आया, जबकि बलिया के ददरी मेले में आए श्रद्धालुओं को कोहरे की वजह से काफी परेशानी हुई।

# गाजियाबाद, सहारनपुर व शामली के एएसपी बदले

**लखनऊ, वार्ता**

- यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 23 आईपीएस का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश पुलिस में रविवार को छुट्टी के दिन बड़ा फेरबदल देखने को मिला। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 23 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है।

तबादला आदेश के अनुसार आईपीएस बीएस वीर कुमार को उप सेनानायक 47वीं वाहनी पीएसी, गाजियाबाद, सच्चिदानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। सच्चिदानंद पहले गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। डा. संजय कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ से सीतापुर में उप सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती दी गई है। सुबोध गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक इटावा से हरदोई ट्रांसफर किया गया है। नृपेंद्र को हरदोई से बनारस में नई तैनाती मिली है। निवेश कटियार को कुशीनगर से यूपी-112 लखनऊ में नई तैनाती दी गई है। दिनेश कुमार पुरी को लखनऊ के ट्रांसफर करके गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। संतोष कुमार का पूर्व में हुआ स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। अब वे लखनऊ में ही तैनात रहेंगे।

सीताराम को प्रयागराज से पुलिस महा. निदेशक मुख्यालय लखनऊ बुला लिया गया है। सिद्धार्थ वर्मा का सहारनपुर से कुशीनगर तबादला किया गया है। सुमित शुक्ला का गौतमबुद्धनगर से शामली ट्रांसफर किया गया है। ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद का गाजीपुर से गोरखपुर ट्रांसफर किया गया है। अशोक कुमार सिंह अभी तक हाथरस में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। अब उनको बहराइच की जिम्मेदारी दी गई है। राजकुमार सिंह का एटा से ट्रांसफर करके लखनऊ ईओडब्ल्यू में नई तैनाती दी गई है। संतोष कुमार सिंह को शामली से हटाकर गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सीआईडी लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक उनकी तैनाती गोरखपुर में थी। रामानंद प्रसाद कुशवाहा का तबादला बहराइच से हाथरस किया गया है। जितेंद्र कुमार को गोरखपुर से बुलाकर प्रोन्नति बोर्ड में तैनाती दी गई है। चिरंजीव मुखर्जी को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाया गया है। पहले वह लखनऊ सीआईडी यूनिट में तैनात थे। श्वेताभ पाण्डेय को ईओडब्ल्यू से हटाकर एटा में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक कुमार जायसवाल को प्रोन्नति बोर्ड से हटाकर फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ से सहारनपुर में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार से डा. राकेश कुमार मिश्र को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से रिलीज करके गाजीपुर में नई तैनाती दी गई है।



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



# शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट जारी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेत मजबूत बने रहने के बावजूद वैश्विक हालात में अनिश्चितता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बने रहने से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख शेयर सूचकांकों में गत शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में गिरावट का सिलसिला बना रहा।

आगामी सप्ताह में बाजार की नजर बिहार विधान सभा चुनाव के नतीजों, खुदरा और थोक महंगाई दर तथा व्यापार घाटे के आंकड़ों बैंकों से कर्ज उठाव की रिपोर्ट और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर टिकी रहेगी। बाजार विश्लेषकों की राय में बाजार में बुनियादी तौर पर मजबूती की धारणा है पर उसे भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता तथा भारत-चीन के बीच व्यापार की आगे की परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक खबरों का भी इंतजार है। व्यापार वार्ता के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयानों से बाजार की उम्मीद जगी है कि अमेरिका के साथ कोई अच्छा समझौता हो जाएगा। सप्ताह के दौरान कुछ प्रमुख शेयरों में ऊंचे भाव पर मुनाफा



निवेशकों को आगे बिहार के नतीजों का इंतजार

काटने की जल्दी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बराबर बिकवाल बने रहने से जारी गिरावट के बीच बीसई का बीएसई30 सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 करीब 0.9 प्रतिशत दायरे में नीचे आ गए। सप्ताह के दौरान मिडकैप और स्माल कैप शेयरों में दबाव ज्यादा था। एनएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार आने वाले दिनों में बाजार सीमित दायरे में चढ़ता-उतरता रहेगा। मुद्रास्फीति में नरमी बने रहने के अनुमानों के बीच बिहार चुनाव के परिणाम बाजार की दिशाओं को कुछ प्रभावित कर सकते है, जहां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन रकार विकास और सुरक्षा के एजेंडा पर पुन: जनादेश मांग रही। उसका मुकाबला कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्ववाले महा गठबंधन से है। वोटों की गिनती 14 नवम्बर को होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है और पिछले कुछ समय में निफ्टी में 700 और मिडकैप में 1000 अंक की गिरावट के चलते इस समय भारतीय शेयर बाजार अपने जैसे दूसरे बाजारों की तुलना में और निवेश के लिए और आकर्षक बताया जा रहा है। तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के इस सीजन में मिड और स्माल कैप के परिणाम भी तुलनात्मक रूप से अच्छे रहे हैं। अक्टूबर का पीएमआई डाटा उम्मीद से अच्छा रहा तथा कंपनियों के सितम्बर तिमाही के लाभ के आंकड़े भी कुल मिला कर संतोषजनक रहे। जीएसटी में कटौती से बाजार में मांग को प्रोत्साहन मिला है। इस तरह कुल मिला कर परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर की मजबूती एक चिंता है, पर वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति अच्छी रहने से ब्रेंट कच्चा तेल नरमी के साथ 63 डॉलर प्रति बैरल के आस पर बना रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह में 21.87 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रह गया और इससे लगातार तीन सप्ताह की गिरावट में विदेशी मुद्रा भंडार 21.869 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695.355 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 नवम्बर को जारी आंकड़ों के अनुसार गत 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.957 अरब डॉलर घटकर 564.591 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को शामिल किया जाता है।

# गेहूं, चावल, तेलों में गिरावट, दालों में मिला जुला रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली की थोक मंडियों में शनिवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह के दौरान चावल, गेहूं, आटा और मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में मांग की तुलना में स्टॉक की स्थिति अच्छी होने से गिरावट रही। इस दौरान दाल दलहनों में मिला जुला रुख देखा गया जबकि मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई। देश में चावल की आपूर्ति की स्थिति के मजबूत बने रहने के बीच स्थानीय बाजार में सामान्य स्तर के चावल की दरों में सप्ताह के दौरान नरमी दर्ज की गई।

औसत श्रेणी के चावल का भाव सप्ताहांत 3742 रुपये क्विंटल था, जो इससे पिछले सप्ताहांत 3826 रूपए क्विंटल के आस पास था। इस तरह इसके थोक भावों में सप्ताह के दौरान 84 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और कुल वैश्विक उत्पादन में करीब एक तिहाई योगदान करता है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक भी बना हुआ है और विश्व बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए हाल में दिल्ली में चावल पर एक बड़ा वैश्विक आयोजन किया गया था। सप्ताह के दौरान गेहूं और आटा की कीमतों में क्रमशः 14 रुपये और छह रुपये प्रति



क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। गेहूं दड़ा 2860 रुपये से घट कर 2836 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 3319 से घट कर 3313 रुपये प्रति 100 किलों के भाव दर्ज किया गया। चावल और गेहूं जैसी जिंसों में नरमी का असर खाद्य मुद्रास्फीति पर भी झलक सकता है। इस दौरान वैश्विक बाजार में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में दालों में मिलाजुला रुख दिखा। उड़द और मसूर के भाव सप्ताह के दौरान कुल मिला कर चढ़े हुए थे, जबकि चना, तूअर और मूंग में नरमी का रुख दिखा। दाल चना सप्ताह के दौरान 51 रुपये टूट कर प्रति क्विंटल 7812 रुपये के स्तर पर आ गई थी। तूअर में कुल मिला कर छह रूपए की हल्की नरमी रही और सप्ताहांत भाव 10501 रुपये क्विंटल पर चल रहा था। इस दौरान मूंग दाल 37 रुपये घट कर 10041 रुपये के भाव पर आ गई। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों से आवक के मध्यम होने से उड़द का भाव सप्ताह के दौरान 28 रुपये की तेजी से सप्ताहांत 10371 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड से...**

8260 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ीं हैं। उन्होंने 28,000 किसानों के खाते में फसल बीमा योजना की 62 करोड़ रुपये की रकम भी जारी की, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां चाह वहां राह। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है, तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड ने इसे साबित कर दिखाया है। यहां आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की मांग बढ़ी है। यहां हर विधानसभा में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। उत्तराखंड सरकार अब सेब व कीवी के किसानों को डिजिटल अनुदान देना शुरू कर रही है। कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिक जीवन की धड़कन है। उत्तराखंड की विकास की यात्रा अदभुत। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड का हर गांव वैक्सीन के दायरे में आ गया है। प्रदेश की विकास की ये यात्रा अदभुत है। ये बदलाव सबको साथ लेकर चलने, हर उत्तराखंडी के संकल्प का नतीजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की भी कई बार तारीफ की। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) श्री गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

**गुजरात में...** के संपर्क में था। वह अबू खदीजा नाम की एक टेलीग्राम आईडी के संपर्क में था, जो कथित तौर पर आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट - खुरा. सान प्रांत) से जुड़ा था, उसने रिसिन नाम का रासायनिक जहर तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की थी, जो अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह हथियार की डिलीवरी लेने अहमदाबाद आया था, उसे कलोल से हथियार की खेप मिली थी। डीआईजी सुनील जोशी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो अन्य संदिग्ध गुजरात के बनासकांठा में थे। दोनों लखीमपुर और शामली निवासी हैं। इनकी पहचान आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहेल सलीम खान के रूप में की गई है। दोनों ने दीनी शिक्षा प्राप्त की है और कट्टरपंथी हैं। विदेश में रहने वाले लोगों के संपर्क में रहने के अलावा इन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रेकी भी की है। कश्मीर में भी उनकी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने राजस्थान के हनुमानगढ़ से सामान रिसीव करने के बाद कलोल में डिलीवर किया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। हमें एक आरा. ेपी की रिमांड 17 नवम्बर तक मिली है। बाकी दो को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज से पहले 3 नवम्बर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाए गए स्पेशल ट्रेनों पर सवाल खड़े किए हैं।

सिब्बल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल किया कि क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यहां पर एक बात पर प्रकाश डालने आया हूं कि क्या चुनाव आयोग कोई कार्रवाई कर रहा है या भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है, जैसा कि कई लोग आरोप लगाते हैं।



उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर को लगभग 6 हजार लोगों को लेकर चार ट्रेनें हरियाणा से बिहार गईं, पहली दो करनाल से पानीपत होते हुए बरौनी और अगली दो गुरुग्राम से पटना होते हुए भागलपुर। सिब्बल ने सवाल उठाया कि ये लोग यात्रा क्यों कर रहे थे? उन्होंने कहा या तो यात्रा कर रहे लोग बिहार के असली मतदाता थे या किसी 'सुनियोजित अभियान' का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पूछता हूं क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? उन्होंने फिर सवाल किया कि यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? सिब्बल ने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा के इन असली मतदाताओं को विशेष ट्रेनों की जरूरत थी या उन्हें खास तौर पर बिहार में वोट देने के लिए भेजा गया था? उन्होंने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा मुझे मालूम है चुनाव आयोग इस मसले पर कुछ नहीं करेगा, क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हरियाणा से बिहार चलाए गए स्पेशल ट्रेन के टाइमिंग पर सवाल उठाया है। उन्होंने संदेह जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए स्पेशल ट्रेन के जरिए लोगों को हरियाणा से बिहार भेजा गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की उपलब्धियों को सराहते हुए भविष्य का रोडमैप किया पेश

# पीएम मोदी ने दी 8260 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस, रजत जयंती पर्व के मुख्य समारोह में रविवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8260 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास ख्र लोकार्पण किया। उन्होने उत्तराखंड की गत 25 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए, अगले 25 वर्षो के लिए रोडमैप के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

एफआरआई परिसर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने गढ़वाली ख्र कुमांऊनी में प्रदेशवा. सियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि, नौ नवंबर का दिन उत्तराखंड वासियों की लंबी तपस्या का फल है। ये दिन प्रत्येक उत्तराखंडवासी को गर्व का अहसास कराता है। प्रधानमंत्री ने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही, सभी आंदोलनका. रियों को भी नमन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 साल पहले केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने, जिन उम्मीदों, आकांक्षाओं के बीच उत्तराखंड राज्य का निर्माण किया आज वो सभी सपने पूरे हो रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड से अपने लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि, जब वो अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर यहां आते थे ,तो पहाडों पर रहने वाले भाई -बहनों का संघर्ष और परिश्रम उन्हें प्रेरित करता था, यहां बिताए दिनों ने उन्हें उत्तराखंड की सामर्थ से परिचय कराया। इसी भरोसे के साथ उन्होंने बाबा केदार के दर्शन के बाद कहा था कि ये दशक उत्तराखंड का होगा। अब उनका ये भरोसा और भी दृढ़ हो गया है कि इस वक्त उत्तराखंड के उत्कर्ष का कालखंड चल रहा है।



**उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस, रजत जयंती पर्व के मुख्य समारोह में शामिल हुए पीएम, कहा - वर्ष 2047 वाले उत्तराखंड के लिए रास्ता तय करते हुए बिना इंतजार आगे बढ़ने की अपील, केंद्र सरकार से राज्य को पूरा सहयोग का भरोसा दिया ,8260 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 साल पहले, जब नया- नया उत्तराखंड बना था तो उस वक्त कई चुनौतियां थी, राज्य के संसाधन सीमित थे, बजट भी छोटा था, आय के स्रोत भी कम थे। तब ज्यादातर जरूरतें केंद्रीय सहायता से पूरी होती थीं। लेकिन आज, तस्वीर पूरी तरह बदली हुई है। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले उत्तरखंड का बजट सिर्फ 04 हजार करोड़ रुपए था, जो आज बढ़कर एक लाख करोड़ के पार चला गया है। 25 साल में राज्य का बिजली उत्पादन, चार गुना बढ़ा, सड़कों की लंबाई दोगुनी हुई है। राज्य गठन के समय छह महीने में चार हजार यात्री ही हवाई सेवाओं का इस्तेमाल कर पाते थे, आज यहां अकेले एक दिन में चार हजार से अधिक यात्री हवाई सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। इन 25 वर्षों में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 10 से ज्यादा बढ़ी है। तब राज्य में एक मेडिकल कॉलेज था, जो आज 10 हो चुके हैं। 25 साल पहले राज्य का वैक्सीन कवरेज 25 प्रतिशत भी नहीं, आज हर गांव वैक्सीन कवरेज के दायरे में है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने रविवार को ही समारोह स्थल पर, कई युवाओं, उद्यमियों से बात की है, वो सभी राज्य की प्रगति को लेकर उत्साहित और आशांवित हैं। इससे साफ है कि उत्तराखंड का प्रत्येक नागरिक, अपने योगदान से भारत को विकसित देश की पंक्ति शामिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने रविवार को शुरु किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं, उत्तराखंड की विकास यात्रा को गति देने का काम करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सेब-कीवी के किसानों को अब डिजिटल करैंसी में अनुदान दे रही है। इस आधुनिक तकनीकी से आर्थिक मदद की ट्रैकिंग संभव है।इस मौके पर राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डॉ कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट ,माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी,डॉ धनसिंह रावत, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड खुद को आध्यात्मिक राजधानी के रूप में कर सकता है स्थापित:मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड अगर ठान ले तो अगले कुछ ही वर्षों में खुद को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर स्थापित कर सकता है। यहां के पवित्र मंदिर, आश्रम, योग को ग्लोबल नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है। यहां हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्र विकसित किए जाने की जरूरत है। इसी तरह वाइब्रेंट विलेज को छोटे- छोटे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब पयर्टक यहां होमस्टे के घरेलू माहौल में डुबके, चुटकानी, रोट, अरसा और झंगोरा की खीर खाएंगे तो तो फिर दूसरी- तीसरी बार भी यहां आना चाहेंगे। इसलिए उत्तराखंड को अपने अंदर छुपी हुई संभावना पर फोकस करना होगा। हरेला, फुलदेई, भिंटोली जैसे त्यौहारों से पयर्टकों को जोड़े जाने की जरूरत है। इसी तरह नंदादेवी, जौलजीवी, बागेश्वर उत्तरायणी, देवीधुरा, श्रावणी और बटर फेस्टिवल जैसे जीवंत मेलों में यहां की आत्मा बसती है। इसके लिए यहां वन डिस्ट्रिक ख्र वन फेस्टिवल के जरिए उत्तराखंड को विश्व मानचित्र पर लाया जा सकता है।

### उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का कनेक्टिवी से गहरा नाता:पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का कनेक्टिवी से गहरा नाता है। राज्य में इस समय दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। ऋषिकेश - कर्णप्राग रेल परियोजना प्रगति पर है, दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस वे तैयार हो चुका है। गौरीकुंड ख्र केदारनाथ, गोविंदघाट- हेमकुंड साहिब रोपवे का शिलान्यास हो चुका है। ये सभी परियोजनाएं उत्तराखंड में विकास को नई गति दे रही हैं।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने गत 25 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है, लेकिन अब राज्य को अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय करना है। इसके लिए राज्य को जहां चाह - वहां राह के मूलमंत्र अपनाना होगा। इसलिए अपने लक्ष्यों पर चर्चा के लिए नौ नवंबर से बेहतर दिन और क्या होगा।

### कहा - सर्दियों में आने वाले पयर्टकों की संख्या बढ़ने से आर्थिकी मजबूत होगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म शुरु करने के लिए उत्तराखंड सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा का सर्दियों में आने वाले पयर्टकों की संख्या बढ़ने से आर्थिकी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड सरकार द्वारा आदि कैलाश में आयोजित हाई ऑल्टीट्यूट मैराथन और आदि कैलाश प्रक्रिमा रन की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि तीन साल पहले तक आदि कैलाश में साल में दो हजार से कम पर्यटक आते थे, आज यह संख्या बढ़कर 30 हजार हो चुकी है। इसी तरह बाबा केदार के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी 17 लाख तक पहुंच चुकी है। उत्तराखंड में ईको टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म विकास की नई ऊंचाई छू सकता है।

### प्रधानमंत्री ने यह भी कहा ...

### उत्तराखंड बन चुका है फिल्म डस्टिनेशन : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड अब फिल्म डेस्टिनेशन बन चुका है, राज्य की नई फिल्म नीति से यहां शूटिंग आसान हो गई है। इसी तरह उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेश के रूप में विकसित हो रहा है। वेड इन इंडिया मुहिम का लाभ उठाने के लिए उत्तराखंड का आलीशान सुविधाओं के साथ कुछ डेस्टिनेशन विकसित करने होंगे।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद वोकल फॉर लोकल मुहिम से जुड़ रहे हैं। राज्य के 15 कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिला है। बेडू फल और ब्रदी घी को हाल के दिनों में जीआई टैग मिलना गौरव की बात है। इसी तरह हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड, उत्तराखंड के उत्पादों को एक मंच पर ला रहा है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए उत्तराखंड के उत्पाद ग्लोबल मार्केट में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक की विकास यात्रा में कई रुकावटें आई, लेकिन भाजपा सरकार ने मजबूत संकल्प के साथ इन बाधाओं को दूर किया।

### मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार को सराहा



प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार ने यूसीसी को गंभीरता से लागू करते हुए, दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल प्रस्तुत की है। इसी तरह राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी, दंगा नियंत्रण कानून से भी राष्ट्रहित को लेकर साहसिक नीति अपनाई है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के समापन में प्रदेशवासियों को पुन: शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य स्थापना की रजत जयंती से उत्तराखंड विकास की नई उंचाई छूते हुए, गर्व के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि, देश जब देश आजादी का 100 साल मानएगा, तब उत्तराखंड किस ऊंचाई पर होगा, हमें यह रास्ता चुनना है। इसलिए इंतजार किए बिना, हमें अपने रास्ते पर चल पड़ना होगा, भारत सरकार इस यात्रा में हमेशा उत्तराखंड सरकार के साथ खड़ी रहेगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन का समापन, वंदे मातरम के नारे के साथ किया।

### पीएम मोदी ने किया विशेष डाक टिकट का विमोचन

**पीएम फसल बीमा योजना के तहत 28 हजार से अधिक किसानों को 62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी**




देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर रविवार को देहरादून आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड डाक परिमंडल द्वारा राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों पर आधारित विशेष डाक टिकट श्रृंखला का विमोचन किया। इस विशेष डाक टिकट श्रृंखला के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान की गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत राज्य के 28,000 से अधिक किसानों के बैंक खातों में घ्62 करोड़ से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से जारी की। इस पहल से राज्य के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं फसल क्षति से सुरक्षा का लाभ प्राप्त होगा।

### नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में रविवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह ऐतिहासिक समझौता उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नैनी सैनी हवाई अड्डे का कुल क्षेत्रफल लगभग 70 एकड़ है। यहां का टर्मिनल भवन व्यस्त समय में 40 यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम है। साथ ही, एप्रन एक समय में दो विमानों (कोड-2ठ) को समायोजित करने की सुविधा से सुसज्जित है। इस अधिग्रहण से हवाई अड्डे के मौजूदा बुनियादी ढांचे का उन्नयन, परिचालन मानकों का सुव्यवस्थित प्रबंधन, तथा उत्तराखंड की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। नैनी सैनी हवाई अड्डे का विकास प्रदेश की स्थानीय कला, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षेत्र को नया प्रोत्साहन देगा। इससे व्यापार, तीर्थ पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आतिथ्य क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए आयाम सृजित होंगे।इस पहल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुगम्य और टिकाऊ विमानन अवसंरचना के दृष्टिकोण को बल मिलेगा और इस रणनीतिक हिमालयी क्षेत्र में आपदा-प्रतिक्रिया क्षमताओं को भी सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह समझौता उत्तराखंड को विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## पीएम के स्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्ड के विजन को साकार करेगी सरकार: महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्तराखंड की 25 वर्षों की विकास यात्रा के महापर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर अपना आशीर्वाद प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश को 8260.72 करोड़ की विकास योजनाओं की भारी-भरकम सौगात देकर कर एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबित कर दिया है कि उनका उत्तराखंड से विशेष लगाव है और हमेशा रहेगा।प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब-जब उत्तराखंड के दौरे पर आए हैं तब तब उन्होंने प्रदेश को कई विकास योजनाओं की सौगातें दी हैं। पिछले 25 वर्षों के कालखंड में उत्तराखंड में सबसे अधिक विकास कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में ही हुए हैं और हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपेक्षाओं के अनुरूप देवभूमि उत्तराखंड को आने वाले वर्षों में षस्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्डष के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य पर काम करेगी। आगामी वर्षों में सरकार का प्रयास होगा कि वाईब्रेट विलेज के रूप में विकसित होने वाले राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आध्यात्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर होमस्टे की संख्या में बढ़ोतरी हो जिससे अधिक से अधिक पर्यटक उत्तराखंड आए ।

## पीएम की रैली ऐतिहासिक, राज्य को मिली सौगातें और मार्गदर्शन सुखद: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने राज्योत्सव कार्यक्रम में पीएम मोदी के उद्बोधन को विक. सित उत्तराखंड निर्माण में नई ऊर्जा संचार करने वाला बताया है। राजधानी मे आयोजित रैली ऐतिहासिक और राज्य को मिली सौगातें विकास मे मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट समारोह को ऐतिहासिक और प्रधानमंत्री का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम बताते हुए रैली मे डेढ़ लाख लोगों के जुटने का दावा किया है। कार्यक्रम के बाद मीडिया से हुई बातचीत में प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उद्देश्य के अनुरूप विषय, संख्या और प्रबंधन की दृष्टि से यह रजत जयंती कार्यक्रम शानदार रहा है। प्रदेश भर से अपने मार्गदर्शक और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता को सुनने 1 लाख के तय लक्ष्य से कई अधिक डेढ़ लाख लोग पहुंचे थे। इसका मकसद विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पीएम की उपस्थिति में आने वाले 25 वर्षों के रोड मैप का अनुमोदन करना था। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, सारगर्भित और प्रेरणादायक उद्बोधन ने सभी लोगों मे विकसित उत्तराखंड अभियान में जुटने के लिए नई ऊर्जा का संचरण किया है।

## विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड के मंत्र पर चल रहा उत्तराखंड: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती पर्व की बधाई देने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि ये हम सभी उत्तराखंडवासियों का सौभाग्य है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हमें प्रधानमंत्री का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्रों में भी कहा गया है...राजा धर्मस्य कारण.. यानि राजा ही धर्म का कारण और रक्षक होता है, जब राजा धर्मपरायण होता है, तब राज्य में सबका कल्याण होता है। ये सूत्र वाक्य प्रधानमंत्री , के दिव्य, प्रेरणादायी और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व का साक्षात प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर में दुश्मन को कड़ा सबक सिखाने का काम किया।

सीएम ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा पुष्पित - पल्लवित उत्तराखंड, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड के मंत्र पर चलते हुए, एक समृद्ध और आत्मनिर्भर प्रदेश बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। साथ ही प्रधानमंत्री के प्रेरणादाई नेतृत्व में उत्तराखंड ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, जी-20 सम्मेलन की बैठकों सहित 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजनों द्वारा भी बदलते उत्तराखंड की सुनहरी तस्वीर विश्व पटल पर प्रस्तुत की है।



**उत्तराखंड ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जी-20 सम्मेलन बैठकों व 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजनों से बदलते उत्तराखंड की सुनहरी तस्वीर विश्व पटल पर की पेश**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केदारनाथ त्रासदी, सिलक्यारा टनल हादसा, जोशीमठ भूधंसाव या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रधानमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ उत्तराखंड की जनता का साथ दिया है। प्रधानमंत्री के इसी स्नेहपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन से उत्तराखंड कठिनाइयों से उबरकर एक नई शक्ति, नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आज आगे आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ - साथ राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता, पारंपरिक पहचान और डेमोग्राफिक संतुलन को संरक्षित रखने के लिए भी कार्य कर रही है। इसी क्रम में समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगारोधी कानून, मदरसा बोर्ड की समाप्ति जैसे कार्यों से उत्तराखंड एक समरस समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे वीर जवानों के साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों व आंदोलनका. रियों को नमन करते हुए, प्रदेशवा. सियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को ओंक. ारेश्वर मंदिर, उखीमठ पर आधारित एक विशेष प्रतीक चिन्ह भेंट किया इस मौके पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट , राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डॉ कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट ,माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ी टोपी, पहाड़ी बोली:पीएम मोदी के हर अंदाज में दिखा पहाड़ीपन

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** सिर पर पहाड़ी टोपी और भाषण में जगह-जगह गढ़वाली कुमाऊनी बोली। उत्तराखंड के रजत जयंती के मुख्य कार्यक्रम में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर अंदाज पहाड़ीपन से घुला-मिला दिखा।

उन्होंने गढ़वाली कुमाऊनी के कई-कई वाक्य बोले। वो भी कई बार। अक्सर प्रधानमंत्री उत्तराखंड के कार्यक्रमों में पहाड़ी बोली-भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं, मगर आज के भाषण में उन्होंने जितनी गढ़वाली कुमाऊनी बोली, उतनी कभी नहीं बोली थी। ये ही वजह रही, कि उत्तराखंड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस बार और भी गहरा कनेक्ट महसूस किया।

प्रधानमंत्री ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भाषण की शुरूआत की और कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मेरा भै बंधु, दीदी, भुलियों, दाना सयानो, आप सबू तई म्यारू नमस्कार। पैलाग, सैंवा सौंली। अपने भाषण के बीच में प्रधानमंत्री ने जब फिर से गढ़वाली में बोलना शुरू किया, तो इसने लोगों को और रोमांचित कर दिया। प्रधानमंत्री बोले-पैली पहाडू कू चढ़ाई, विकास की बाट कैल रोक दी छै। अब वखि बटि नई बाट खुलण लग ली।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में पहाड़ के लोक पर्वों, लोक परंपराओं और महत्वपूर्ण आयोजनों को भी शामिल किया। इस क्रम में उन्होंने हरेला, फुलदेई, भिटोली, नंदादेवी, जौलजीबी, उत्तरायणी, देवीधुरा मेले से लेकर दयारा बुग्याल के बटर फेस्टिवल तक का जिक्र किया।



**रजत जयंती के मुख्य कार्यक्रम में उत्तराखंड से गहरा कनेक्ट कर गए पीएम मोदी ,इससे पहले अपने किसी भाषण में पीएम ने नहीं बोली इतनी अधिक गढ़वाली कुमाऊनी , लोक पर्वों से लेकर दयारा बुग्याल के बटर फेस्टिवल तक का जिक्र**

### उत्तराखंड से अपने लगाव को भी किया जाहिर

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में बताए गए अपने दिनों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उत्तराखंड से गहरा लगाव है। यही वजह रही कि राजा जयंती समारोह में मौजूद लगभग एक लाख लोग लगातार तालियां बजाते रहे। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की 25 साल की यात्रा का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने खुशी जताई कि वर्ष 2000 में जी उत्तराखंड का बजट मात्र 4000 करोड़ था, वह बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है।

### बार-बार उत्तराखंड की ब्रांडिंग करते दिखे पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बार-बार देश और दुनिया के लोगों से उत्तराखंड आने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री लगातार उत्तराखंड की ब्रांडिंग करते नजर आए। उत्तराखंड के बारे में उन्होंने यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर ,धाम , बुग्याल, दयारा, रोपवे, होम स्टे के जिक्र के साथ ही जड़ी - बूटियों आयुर्वेद, योग का भी विस्तार से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री बार-बार देश और दुनिया के लोगों से यहां आने का आह्वान करते रहे।

## कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जताया आभार

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती) के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उनका आभार व्यक्त किया। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव उनके इस आगमन और प्रदेश के किसानों के प्रति संवे. दनशीलता से स्पष्ट झलकता है।उन्होंने कहा कि आज राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत सरकार के पोर्टल डिजिक्लेम मॉड्यूल के माध्यम से रबी 2024-25 मौसम के अंतर्गत एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी के सहयोग से बीमित कृषकों की फसलों के सापेक्ष 28,344 कृषकों को 62.84 करोड़ का क्लेम भुगतान किया गया।

# घास काटने जंगल गई दो महिलाओं पर भालू ने किया जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र से सटे बनियाड़ी गांव में रविवार सुबह लगभग 9 बजे घास काट रही महिलाओं पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हमले में 50 वर्षीय मीना देवी, धर्मपत्नी आनंद सिंह नेगी गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि भालू ने घात लगाकर उन पर हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं। इसी दौरान लक्ष्मी देवी, धर्मपत्नी राजेंद्र सिंह, जो पास में ही घास काट रही थीं, ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो भालू ने उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायल महिलाओं को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तमुनि पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

■ महिलाओं का सीएचसी अगस्त्यमुनि में चल रहा उपचार, घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल



घटना की सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी अगस्तमुनि हरिशंकर रावत तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। इसके बाद वे घटनास्थल की ओर रवाना हो गए ताकि क्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा और सतर्कता के उपाय किए जा सकें। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से घायलों को उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाएगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भालू की बढ़ती गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# उत्तराखंड ने रजत जयंती वर्ष में मनाया विकास और समर्पण का उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तराखंड राज्य ने अपनी गौरवशाली 25 वर्षीय यात्रा पूरी करते हुए रजत जयंती वर्ष का उत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। दो दशक से अधिक के इस सफर में राज्य ने संतुलित और समावेशी विकास की राह अपनाते हुए हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों और संसाधनों की सीमाओं के बावजूद उत्तराखंड ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, सड़क और उद्योग जैसे क्षेत्रों में नई पहचान बनाई है।

राज्य गठन के बाद विभिन्न सरकारों ने विकास को नई दिशा देने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा। सड़क और बुनियादी ढांचे के विस्तार ने पहाड़ी क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा, जिससे न केवल व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिला बल्कि स्थानीय लोगों की आय में भी वृद्धि हुई। पर्यावरण के संरक्षण के साथ राज्य ने सतत विकास की नीति को प्राथमिकता दी, जो आज उत्तराखंड की पहचान बन चुकी है। वर्तमान में राज्य सरकार तेजी से बदलते शहरी ढांचे और नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए शहरों के मास्टर प्लान पर कार्य कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य नगरों में जनसुविधाओं का विस्तार करना और शहरीकरण को सुव्यवस्थित दिशा प्रदान करना है, ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंच सके।केंद्र सरकार की योजनाओंकृअमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम स्वनिधि जैसे कार्यक्रमों ने भी राज्य के विकास को नई गति दी है। इन योजनाओं के माध्यम से आमजन को स्वच्छता, आवास, स्वरोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर यूकेडी का धरना रहा जारी



शाह टाइम्ससंवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) का धरना रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।धरने के दौरान यूकेडी कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि चौण्ड सीएचसी में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष रामदेव कलूडा ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, लेकिन आज भी उनके सपनों का उत्तराखंड साकार नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण का उद्देश्य आज भी अधूरा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाएं बदहाल स्थिति में हैं।

■ रचौण्ड सीएचसी में स्वास्थ्य सुधार की मांगों के साथ प्रदर्शन जारी, सरकार की उपेक्षा के खिलाफ यूकेडी का विरोध, प्रतापनगर में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज

कलूडा ने कहा कि प्रतापनगर क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सक, एक्स-रे टेक्निशियन और आपातकालीन संसाधनों की व्यवस्था करने, साथ ही डोबरा में प्रस्तावित अस्पताल का शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने जैसी मांगों को तत्काल प्रभाव से पूरा करने की मांग की।धरने में धनीराम सेमवाल, विजय ब्यास, सोदन कुड़ियाल, अमन व्यास, जयशंकर, भरत चंद रमोला, सूरज चंद रमोला, राकेश असवाल सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक सरकार उनकी 11 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

# क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाएगा फैशन टूर

**देहरादून :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 में एक बार फिर लौट रहा है। इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह मंच श्द वन एंड ओनलीश की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा।फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ एक बार फिर हाथ मिलाते हुए, फैशन टूर देश के प्रमुख डिजाइनरों और मशहूर स्टाइल आइकॉन को एक मंच पर ला रहा है। टूर की शुरुआत गुरुग्राम में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' से होगी,

# भराड़ीसैंण में रजत जयंती उत्सव की धूम

शाह टाइम्स संवाददाता

**भराड़ीसैंण।**उत्तराखंड के रजत जयंती दिवस के अवसर पर राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में रविवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद यहां रैतिक परेड और विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी गौरव कुमार ने यहां मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिसके बाद आईटीबीपी, आईआरबी, नागरिक सशस्त्र पुलिस, होमगार्ड, महिला आरक्षी नागरिक पुलिस/फायर सर्विस और एनसीसी महिला दस्ते ने 46 वीं वाहिनी पीएसी के बैंड धुन पर रैतिक परेड का भव्य प्रदर्शन किया। जिसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन हुआ।

वहीं मंच पर जीआईसी भराड़ीसैंण की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया। इस दौरान जीआईसी भराड़ीसैंण, जेएसएनएसएस मेमो. रियल कॉलेज, जीआईसी मेहलचौरी और पीजी कॉलेज गोपेश्वर के छात्र छात्रों ने संस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। यहां महिला मंगलदल सारकोट, प्राथमिक विद्यालय सारकोट, पीजी कॉलेज गोपेश्वर के साथ ही स्थानीय विद्यालय और महिला मंगल दल की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष में राज्य विकास के पथ पर बढ़ रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार सेवाओं का विस्तार हुआ है। वहीं रेल लाइन के निर्माण से राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों की बाहरी राज्यों से कनेक्टिविटी भी मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा। इसके बाद जिलाधिकारी ने विधानसभा परिसर में कृषि, उद्यान, उद्योग, ग्रामोत्थान, पुलिस, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न विभागों की ओर से लगाए स्टॉलो का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी गौरव कुमार ने उत्तराखंड की स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा उत्तराखंड राज्य जिस आंदोलन के परिणाम स्वरुप स्थापित हुआ है उसके आदर्शो, लक्ष्यों को हम हमेशा याद रखेंगे और अपना कर्म और जीवन उन लक्ष्यों और आदर्शो के लिए समर्पित करेंगे।इस मौके पर ग्राम प्रधान सारकोट प्रियंका नेगी, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगड, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अभिषेक गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे

## एक नजर .......

### विश्व रेडियोलॉजी दिवस पर कार्यक्रम हुए आयोजित

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर स्थित श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कालेज में शनिवार को विश्व रेडियोलोजी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कालेज प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने कहा कि यह दिवस चिकित्सा क्षेत्र में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और एक्स-रे जैसी तकनीकों के योगदान को पहचान देने का अवसर है। साथ ही इस दिवस को मनाने का उद्देश्य चिकित्सा इमेजिंग के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के प्रति सम्मान प्रकट करने सहित आमजन को रेडियोलॉजी की महत्ता और उपयोगिता के प्रति जागरूक करना भी है। इसके बाद रेडियोलोजी से संबधित क्विज, पोस्टर, नाटक, रेडियोलोजी संगीत व नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रणव राज बमराड़ा, शिवी शर्मा, अखिल रावत, नीरज सिंह और अंकित नेगी सहित कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अखबारों की कटिंग की प्रदर्शनी से दिलाई राज्य आंदोलन की याद

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर रविवार को राइंका कोटद्वार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा शिक्षक संतोष सिंह नेगी द्वारा सन् 1987 से 2000 के अखबारों की कटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। इन कटिंग के माध्यम से स्कूल के बच्चों, बीएड प्रशिक्षुओं व अभिभावकों को राज्य आंदोलन के दौर की स्थिति परिस्थिति से रुबरु करवाया गया। बच्चों और अभिभावकों द्वारा अखबारों को पढ़कर उस दौर की स्थिति को आत्मसात करने की कोशिश की गई।

### राज्य स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ।** राज्य स्थापना दिवस पर रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर व राइंका झंडीचौड़ में भीता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राइंका जयदेवपुर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य, भाषण और कविता पाठ के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति, पहाड़ों की शांति और विकास की गाथा को प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल एक जयंती नहीं, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है। इस अवसर पर कुमाऊँनी समिति की ओर से विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर सो. हनलाल ने कहा कि राज्य आंदोलन में जनमानस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहा कि उत्तराखंड आंदोलन में आज दो, अभी दो उत्तराखंड राज्य दो, कोदा झंगौरा खाएंगे, उत्तराखंड बनाएंगे आदि नारों के साथ छात्र, युवा शिक्षक, कर्मचारी व आम जनमानस ने आंदोलन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष किया।

### पूर्व प्रधान को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान से किया सम्मानित

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ में रविवार को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्व. विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा के स्मृति दिवस व ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्व. कान्ति प्रकाश आर्य की 8 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि मुनि विश्वकर्मा ने जीवन के अंतिम पड़ाव में निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति व अनाथ, दिव्यांग व बेसहारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ट्रस्ट की स्थापना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व दर्जाधारी मंत्री सुनीता बिष्ट ने कहा कि मुनि विश्वकर्मा महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी थे, महर्षि के विचारों की रोशनी में ही मुनि ने ट्रस्ट की स्थापना की। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर विकास खंड द्वारीखाल की ग्राम सभा बमोली के पूर्व प्रधान कोमल चन्द्र को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान – 2025 से सम्मानित किया गया, साथ ही ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्व. कान्ति प्रकाश की स्मृति में 10 जरूरतमन्दों को कम्बल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूरण चंद्र शर्मा, ट्रस्ट के संस्थापक सचिव डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, लक्ष्मी देवी, बुद्धि प्रकाश, राजेंद्र प्रसाद शाह, नेत्र सिंह रावत, कमल. कुमार और सुरजीत सिंह सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# जनता का फूटा गुस्सा, आंदोलनकारी चढ़ा मोबाइल टॉवर पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** घनसाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ चल रहा आंदोलन रविवार को उग्र रूप ले बैठा। रजत जयंती वर्ष पर जहां राज्यभर में उत्सव का माहौल था, वहीं घनसाली में जनता स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आई। इस दौरान स्वास्थ्य जन संघर्ष मोर्चा के सदस्य विक्रम घणाता और अजय कंसवाल ने पिलखी में मोबाइल टावर पर चढ़कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोनों ने चेतावनी दी कि जब तक क्षेत्र के अस्पतालों में डॉक्टरों की स्थायी तैनाती, एम्बुलेंस सुविधा और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जाती, वे नीचे नहीं उतरेंगे।

■ राज्य स्थापना दिवस पर घनसाली में उग्र हुआ जन आंदोलन, डॉक्टरों की तैनाती और सुविधाओं की मांग तेज, स्वास्थ्य जन संघर्ष मोर्चा का आंदोलन नाटकीय मोड़ पर, पुलिस और प्रशासन रहे दिनभर सतर्क

लगातार दो सप्ताह से पिलखी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी आंदोलन रविवार को नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया। जहां विक्रम घणाता और अजय कंसवाल ने मोबाइल टावर पर चढ़कर सरकार की उदासीनता के खिलाफ विरोध जताया, वहीं जिपंस अनुज शाह, पुरुषोत्तम और संजय ने प्रतीकात्मक जल समाधि लेने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मियों ने काफी समझाने-बुझाने के बाद उन्हें रोक लिया।उधर, सर्वदलीय स्वास्थ्य संघर्ष समिति द्वारा घनसाली बाजार में मुख्यमंत्री और विधायक के पुतला दहन की घोषणा की गई थी, लेकिन पुलिस ने कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, कैलाश बडोनी, जसवीर नेगी, शूरवीर लाल और प्रताप सजवाण को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही समर्थक भड़क उठे और कोतवाली परिसर में जोरदार नारेबाजी करने लगे। समर्थकों का आरोप था कि सरकार आंदोलन को दबाने और जनता की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है।इस बीच, पिलखी में मोबाइल टावर पर चढ़े विक्रम घणाता और अजय कंसवाल प्रशासनिक अधिकारियों की बार-बार की अपील के बावजूद नीचे उतरने से इनकार करते रहे। स्थानीय लोग और प्रशासनिक टीमें लगातार प्रयासरत हैं कि दोनों को शांतिपूर्वक नीचे लाया जा सके।आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक घनसाली और आसपास के अस्पतालों में चिकित्सकों की नियमित तैनाती और स्वास्थ्य सेवाओं का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। फिलहाल क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जनता का कहना है कि राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर जहां सरकार अपनी उपलब्धियों का बखान कर रही है, वहीं घनसाली की जनता आज भी डॉक्टरों और इलाज की उम्मीद में संघर्ष करने को मजबूर है। यह आंदोलन प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था की सच्चाई को उजागर करता है।

# द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न, सुनील कलेठा बने अध्यक्ष

**नई टिहरी।** उत्तराखंड ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन टिहरी का द्विवार्षिक अधिवेशन विकास भवन के क्रीड़ा भवन में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अधिवेशन में जिलेभर के ग्राम विकास अधिकारियों ने भाग लेकर संगठन के कार्यों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

# केदारनाथ हाईवे पर हादसा, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे पर भीरी बाजार स्टेट बैंक के समीप मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा, हादसे में वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 सेवा के माध्यम से उपचार के लिए सीएचसी अगस्त्यमुनि ले जाया गया। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है।

बीते शनिवार देर रात को मक्कूमठ से रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा एक मैक्स वाहन अचानक भीरी के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरा। हादसे के दौरान वाहन में 6 लोग सवार थे।

सूचना पर थाना ऊखीमठ एवं अगस्त्यमुनि पुलिस के साथ रेस्क्यू दल मौके पर पहुंची, जहां रेस्क्यू टीम ने खेत में गिरे वाहन से घायलों को सड़क पर पहुंचाया। रेस्क्यू टीम ने घायलों को 108 से माध्यम से उपचार के लिए सीएचसी अगस्त्यमुनि पहुंचाया गया, जबकि दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और वाहन चालक मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क से नीचे खेत में जा गिरा। मृतकों की पहचान यूपी बिजनौर निवासी विकास पुत्र राम, शिशपाल पुत्र फूल सिंह के रूप में हुई है। वहीं हादसे में टिप्पू पुत्र जगराम सिंह, सुनिल पुत्र रामकुमार, जौनी कुमार पुत्र ऋषिपाल सिंह और सुनील कुमार पुत्र लीलापथ सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# बालिका गंगा-यमुना छात्रवृत्ति' योजना की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी रामलीला मैदान में उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती सप्ताह का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। रजत जयंती सप्ताह 3 नवम्बर से 9 नवम्बर तक उत्साहपूर्वक मनाया गया। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों ने नगर में रैली निकाली। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की अभिनव पहल के तहत 'बालिका गंगा-यमुना छात्रवृत्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस योजना के अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को ₹21,000 के चेक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत यह स्कॉलरशिप बेटियों को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेगी।उन्होंने मेधावी छात्राओं को किताबें भेंट की और इस अवसर पर 'योजना दीदी' पुस्तक तथा रीप टीम द्वारा तैयार मोमेंटो का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यालय की प्रबन्धक विजयलक्ष्मी जोशी, सुरेन्द्र रावत एवं गंगोत्री फिजिकल एकेडमी के संस्थापक चन्द्रमोहन पंवार को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।




इसके साथ ही आकांक्षी ब्लॉक मोरी में उत्कृष्ट कार्य करने वालेविभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और धराली आपदा राहत कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले एनजीओ संचालकों और एसडीआरएफ टीम को भी सम्मानित किया गया।हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा बालक-बालिका वर्ग की क्रॉस कंट्री दौड़ में शीर्ष छह प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।रिप के माध्यम से सामूहिक उद्यमिता और लखपति दीदी समूहों को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपेन्द्र कोहली, डीएफओ डी. पी. बलूनी, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम देवानंद शर्मा, शालिनी नेगी, पीडी अजय सिंह, सीएओ एस. एस. वर्मा, सीएचओ डॉ. रजनीश सिंह, महाप्रबंधक उद्योग शैली डबराल, जिला पर्यटन अधिकारी के. के. जोशी, डीएसओ आशीष कुमार, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटुड़ा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# युवती को भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** थाना पुलिस थराली ने थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती को बहला, फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। जबकि नाबालिग को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया हैं।

थराली थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि गत 7 नवंबर को थाना क्षेत्र के एक गांव के एक वादी ने थानें में एक लिखित तहरीर दी। जिसमें कहा गया हैं कि उसकी नाबालिग बेटी को 5 नवंबर को विकासखंड थराली के रतगांव निवासी दीपक कुमार पुत्र दिनेश राम बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर थाना थराली आरोप के खिलाफ धारा 96, 137(2), 65(1) बीएनएस तथा 3/4 पोक्सो अधिनियम में मामला दर्ज कर घटना की जानकारी पुलिस उच्चाधिकारियों को दी गई।



मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार के निर्देश नाबालिग की ढूंढ खोज एवं उसकी सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए उनके नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेन्द्र सिंह राणा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता और मानवीय सूचना का उपयोग करते हुए गहन खोजबीन शुरू की गई। पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की को आरोपी दीपक कुमार पुत्र दिनेश राम के कब्जे से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद, नाबालिग लड़की का बयान दर्ज कराया गया।

बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहा से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया, महिला उपनिरीक्षक सरोज नौटियाल,कांस्टेबल नीतीश व महिला कांस्टेबल शाहीन शामिल थे।

# डीएवी कॉलेज देहरादून ने जीती महिला बास्केटबाल चैंपियनशिप

**नई टिहरी।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाही थौल, टिहरी में एक दिवसीय अंतरमहाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। प्रतियोगिता में डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, बिरला कैंपस श्रीनगर, राठ महाविद्यालय पैठाणी, एमकेपी कॉलेज देहरादून, एसआरटी कैंपस टिहरी और डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून की टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

# गुलदार की देहशत:बड़कोट में शाम ढलते ही घरों में कैद हो रहे लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** जिले के यमुना घाटी से लेकर गंगा घाटी के विभिन्न गांवों में गुलदार के आतंक से लोग दहशत में हैं और लोग शाम ढलते ही अपने घरों में कैद हो रहे हैं। यह घटना कई जगहों पर हो रही है, जहां ग्रामीण शाम के बाद घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। लोग कह रहे कि जब वन विभाग द्वारा बड़कोट में गुलदार को पिंजरे में कैद किया तो छोड़ा क्यों।

बता दें कि बीते तीन दिनों पूर्व बड़कोट में एक केमिस्ट्री की दुकान में गुलदार को कैद कर दिया था। जिससे बड़कोट शहर में हड़कंप मच गई लोग दिन ढलते ही कैद हो रहे हैं। बच्चे ट्यूशन जाने से कतरा रहे हैं।



हालांकि गुलदार को देर रात्रि वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर पिंजरे में कैद किया था इसके बावजूद लोगों में दहशत बरकरार है और गुलदार की चहलकदमी भी क्षेत्र में भरकर है।रविवार रात्रि को बड़कोट के ठीक सामने यमुना नदी पार पौंटी गांव में गुलदार ने बिजू के घर में घुसकर एक गाय पर झपटा मारा जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई है।

इससे पूर्व डुंडा के आसपास गुलदार देखा गया वहीं तीन दिन पूर्व मुष्टिक सौड़ृ से उत्तरकाशी आ रहे एक स्कूटी सवार कर्मी पर गुलदार ने झपटा मारकर घायल कर दिया। गुलदार की सक्रियता से लोगों में भय बना हुआ है। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं। उधर, वन विभाग की ओर से कोई पिंजरे भी नहीं लगायें गये है । लोग मांग कर रहे हैं कि वन विभाग की ओर से शक्त कदम उठाए जाय।

# यूपीईएस के 23वें दीक्षांत समारोह का आगाज

## स्नातकों ने गर्व के साथ प्राप्त की डिग्रियां, 13 नवंबर तक चलेंगे कार्यक्रम

**देहरादून।** बहुविषयी विश्व. विद्यालय यूपीईएस का 23वाँ दीक्षांत समारोह रविवार से शुरू हो गयाज। यह पाँच दिनों तक चलेगा, जिसमें यूपीईएस के सातों स्कूलों के लिए अलग-अलग समारोह होंगे, ताकि हर अनुशासन के छात्रों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जा सके। 9 से 13 नवम्बर तक सातों स्कूलों के छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएँगी, जिससे स्नातकों और उनके परिवारों के लिए यह अनुभव और भी अर्थपूर्ण और यादगार बने।

समारोह की शुरुआत रविवार को स्कूल ऑफ लॉ और स्कूल ऑफ ऐडवांस्ड इंजीनियरिंग के दीक्षांत समारोह से हुई। यूपीईएस ने जस्टिस सेवानिवृत्त हेमंत गुप्ता, पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं चेयरपर्सन इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर को मुख्य अतिथि तथा अरिंदम घोष पार्टनर खैतान एंड कंपनी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। स्कूल ऑफ ऐडवांस्ड इंजीनियरिंग में आनंद




राममूर्ति एमडीए माइक्रोन इंडिया मुख्य अतिथि रहे और गोपाल जोशी एग्जिक्युटिव डायरेक्टर ओएनजीसी विशिष्ट अतिथि थे।

दीक्षांत समारोह 2025 के उद्घाटन दिवस पर यूपीईएस के वाइस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने कहा आज हम केवल डिग्रियाँ नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प का उत्सव मना रहे हैं। हर स्नातक ने सीख को प्रभाव में बदला है। वास्तविक कौशल बनाए, वास्तविक समस्याएँ सुलझाईं और सच्चा मानवीय भाव दिखाया।

मुझे कोई संदेह नहीं कि क्लास ऑफ 2025 जो भी करेगी उसमें नवाचार, संवेदनशीलता और सत्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व करेगी।

स्कूल ऑफ बिजनेस के दीक्षांत समारोह में सुबोध राय मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिसिल मुख्य अतिथि के रूप में और ललित अग्रवाल कंट्री हेड विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके बाद 11 नवम्बर को स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज एंड मीडिया और स्कूल ऑफ डिजाइन क्रमशः ए एस किरण कुमार चेयरमैन फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी मैनेजमेंट काउंसिल एवं मेंबर इसरो हेडक्वार्टर्स स्पेस कमीशन भारत सरकार रोहित गांधी, एडिटर.इन.चीफ एमी अवॉर्ड विनर डॉक्यूमेंटरी फिल्ममेकर सीनियर जर्नलिस्ट डेमोक्रेसी न्यूज लाइवय और प्रदीप जोसेफ डायरेक्टर यूएक्स गूगल इंडिया को संबंधित मुख्य अतिथि के रूप में मेजबानी करेंगे।

इस अवसर पर यूपीईएस आचार्य बालकृष्ण सीईओ पतंजलि आयुर्वेद जो स्कूल ऑफ बिजनेस में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

# रजत जयंती पर दून डिफेंस ड्रीमर्स ने मनाया वृक्षारोपण दिवस

### दर्जनों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगाँठ (रजत जयंती) के अवसर पर दून डिफेंस ड्रीमर्स ने एक अनूठी पहल करते हुए इस दिन को वृक्षारोपण दिवस के रूप में मनाया। सहस्रधारा रोड स्थित जे.के. टॉवर कैंपस में सुबह 10 बजे से छात्रों, अभिभावकों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक दर्जनों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत राज्य आंदोलन के शहीदों और आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद कैंपस और आस-पास के क्षेत्रों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रत्येक छात्र को न केवल एक पौधा लगाने, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प दिलाया गया।

### जागरूक नागरिक बनें सीईओ हरिओम चौधरी

संस्थापक एवं सीईओ हरिओम चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि, "उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ हराभरा पर्वतीय राज्य भी है। अगर हम आज एकख्रएक पेड़ लगाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और सुरक्षित भविष्य दे पाएँगे।"

उन्होंने बल दिया कि दून डिफेंस ड्रीमर्स का हर विद्यार्थी केवल ऑफिसर बनने की तैयारी ही नहीं कर रहा, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। चौधरी ने राज्य स्थापना दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि यह दिन हमें शहीद आंदोलनकारियों के त्याग की याद दिलाता है और हमें शिक्षा, पर्यावरण और रोजगार के क्षेत्र में मिलकर काम करने की प्रेरणा देता है। चौधरी ने आगे कहा, "हमारा सपना है कि पूरा उत्तराखंड आने वाले समय में 'शिक्षा नगरी' के रूप में पूरे देश में प्रसिद्ध हो। यदि हर नागरिक ईमानदारी से योगदान दे, तो देवभूमि उत्तराखंड को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने से कोई नहीं रोक सकता।शिक्षकों ने भी छात्रों को समझाया कि रक्षा सेवाओं में जाने वाले युवाओं के लिए अनुशासन, फिटनेस और पढ़ाई के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना भी उतना ही आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की विकास यात्रा से जुड़े युवाओं, उद्यमियों महिलाओं से किया संवाद



### राज्य स्थापना की रजत जयंती पर एफआरआई, देहरादून में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से की बातचीत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर देहरादून स्थित एफआरआई परिसर में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड की विकास यात्रा को साकार करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों से संवाद किया। यह संवाद राज्य की 25 वर्षों की प्रगति और आम नागरिकों की भूमिका को रेखांकित करने वाला सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

संवाद में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ, युवा नवाचारक, पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़े उद्यमी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल रहे। इन प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार राज्य सरकार की योजनाओं, बेहतर संपर्क एवं बुनियादी ढाँचे और नवाचार को प्रोत्साहन ने उनके जीवन और आजीविका को परिवर्तित किया। प्रधानमंत्री ने इन सभी को उत्तराखंड की नई पहचान "आत्मनिर्भर, सशक्त और सतत राज्य" के प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन उद्यमियों, युवाओं और ग्रामीण महिलाओं की सफलता की कहानियाँ विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में प्रेरक सिद्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य की प्रगति लोगों की भागीदारी, सामुदायिक नेतृत्व और नवाचार की भावना से प्रेरित है। यह संवाद "विकसित उत्तराखंड" की दिशा में जनसहभागिता आधारित विकास मॉडल की झलक प्रस्तुत करता है।

# उत्तराखंड राज्य का गठन आंदोलनकारियों के अथक संघर्ष और बलिदान का परिणामः जोशी

## कैबिनेट मंत्री ने किया राज्य की रजत जयंती के अवसर पर मसूरी शहीद स्थल में राज्य आंदोलनकारियों को नमन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती) के अवसर पर मसूरी स्थित शहीद स्थल पहुंचकर राज्य आंदोलनका. रियों बलबीर सिंह नेगी, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी, मदन मोहन ममगाई, बेलमती चौहान और हंसा धनाई की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का गठन आंदोलनकारियों के अथक संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के हर नागरिक को उन वीर आंदोलनकारियों का आभार व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने पृथक राज्य की परिकल्पना को साकार किया। उन्होंने उत्तराखंड राज्य को अलग बनाने में स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का भी स्मरण किया और कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखंड को एक अलग राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ, जिसके लिए समूचा उत्तराखंड सदैव उनका आभारी रहेगा।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर एक नई ऊंचाई की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि रजत जयंती वर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा का अवसर है कि हम उत्तराखंड के स्वप्नदृष्टाओं के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राज्य के समग्र विकास में अपना योगदान



दें। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में पहुंचे पर्यटकों से भी उनका हालचाल जाना और उनसे प्रदेश में पर्यटन संबंधी अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मोहन पेटवाल, सिकन्दर, धर्मपाल पवार, अरविंद सेमवाल, कमला थपलियाल, अनीता धनाई, गौरी थपलियाल, जसोदा शर्मा, सीता पंवार उपस्थित रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गरुड़ तहसील के एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका के भाई ने बहन की मौत को हत्या बताया। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच की मांग की। इधर रविवार को जिला अस्पताल में डाक्टरों के पैनल टीम द्वारा पुलिस की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके पश्चात शव परिजनों को सौंप गया है। वहीं मृतका के भाई ने बैजनाथ पुलिस में हत्या का मामला दर्ज करने की बात कही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवनाई घाटी के भिटारकोट निवासी 34 वर्षीय दीपा देवी पत्नी सुरेश सती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। महिला की मौत के बाद मृतका के भाई भुवन जोशी ने अपने जीजा एवं अन्य घरवालों पर बहिन के मौत का जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व उन्हें बहिन का स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिली थी, लेकिन जब वह अस्पताल पहुंचे उसका पति उसे घर ले जा चुका था। फोन में स्वास्थ्य की जानकारी लेने पर वह गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद शनिवार को एक बार पुनः उनके बहन पेट में दर्द होने कीई सूचना उन्हें मिली, जिसे वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ लाए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बागेश्वर रेफर कर दिया। लेकिन दीपा देवी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। रविवार की सुबह उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद वे अपने परिजनों के साथ जिल अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में काफी देर तक मायके पक्ष एवं ससुराल पक्ष के मध्य झड़प होती रही। मामला बढ़ते देख मौके पर पुलिस पहुंची। जिसके पश्चात दोनों पक्षों की आम सहमति के बाद शव के पीएम के लिए डाक्टरों का पैनल गठित किया गया। पैनल में शामिल डा. चन्द्र मोहन भैसोड़ा एवं डा. गायत्री पांगती के नेतृत्व में संयुक्त रूप से शव का पीएम हुआ। इधर मृतका के पति सुरेश सती ने आरोपों को निराधार बताया है।

## एक नजर

### रजत जयंती पर विभागों ने लगाए स्टॉल

**बागेश्वर।** देवभूमि रजत जयंती उत्सव 2025 के अवसर पर नुमाइशखेत मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड राज्यगीत के सामूहिक गायन से हुई। नुमाइश मैदान में लगाए गए विभागीय एवं समूहों के स्टालों का राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे सहित अन्य अतिथियों ने स्थलीय निरीक्षण कर अवलोकन किया। स्टालों में बायर सेलर मीट का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विक्रय को प्रोत्साहित किया गया। कृषि, उद्यान, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, दुग्ध, उद्योग, समाज कल्याण, शिक्षा, आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी विभाग सहित कई विभागों ने योजनाओं की जानकारी आमजन को दी।

### जिला अस्पताल में गुब्बारा क्लीनिक का शुभारंभ

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल बागेश्वर में नौ नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गुब्बारा क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। क्लिनिक का उद्घाटन सीएमएस डा. तपन शर्मा एवं एसीएमओ डा. दीपक कुमार सहित अन्य से संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस अवसर पर सीएमएस डा. तपन शर्मा ने बताया कि गुब्बारा क्लिनिक विशेष रूप से टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों के लिए समर्पित है। इस क्लिनिक में निःशुल्क निदान, परामर्श तथा उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यहां बच्चों को ग्लूकोज़ मॉनिटर, इंसुलिन सिरिंज एवं आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। जिसका मुख्य उद्देश्य मधुमेह से ग्रस्त बच्चों को समय पर चिकित्सा सुविधा, रोग के प्रति जागरूकता, आहार एवं जीवनशैली से संबंधित परामर्श तथा नियमित मॉनिटरिंग की सुविधा उपलब्ध कराना है। यह जीरो से 18 वर्ष तक बच्चों के लिए लागू रहेगा। इस अवसर पर एसीएमओ डा. दीपक कुमार, डा. सीएस पाठक, डा. डीपी शुक्ला, डा. अंकित कुमार, डा. अरुण प्रकाश तथा अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### विधिक सेवा दिवस के महत्व की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर ब्लॉक सभागार भिकियासैण में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष राजेंद्र कुमार द्वारा मौजूद लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का महत्व, नालसा, सालसा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों, निशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के विषय में जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित किए गए। अधिकार मित्रों द्वारा भी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरुकता शिविर, नुक्कड़ नाटक व रैली का आयोजन किया गया।

### कांग्रेसियों ने किया शहीदों को नमन

**काशीपुर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों को नमन कर उत्तराखंड राज्य की खुशहाली की कामना की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देशानुसार महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भगत व मुख्य अतिथि एआईसीसी के सदस्य प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा के करकमलों द्वारा संयुक्त रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरानी सब्जी मंडी में छोटा नीम स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर एकत्रित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और केक काट कर राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान एवं सक्रिय योगदान भूमिका पर कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### ताड़ीखेत में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**रानीखेत।** राज्य स्थापना वर्ष की रजत जयंती पर रानीखेत भाजपा महिला मोर्चा ने ताड़ीखेत में बुजुर्ग ग्रामीणों के लिए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। जिसमें नेत्र रोग चिकित्सक डा. दीपक शर्मा द्वारा लगभग 60 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया। यहां भाजपा संयोजक विमला रावत, जिला महामंत्री सुनीता डाबर, रेखा आर्या, मीना वर्मा, बबिता, बसंती बिष्ट, मंडल अध्यक्ष भावना बुधोड़ी, ग्राम प्रधान दीपिका रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य शशि रावत, समाजसेवी शकुंतला रावत, भगवती देवी राधिका देवी, देवकी देवी, गीता रावत, राधा देवी, पुष्पा जलाल, हेमा जलाल, कमला जलाल, पुष्पा देवी, लक्ष्मी रावत, माया रावत, खष्टी देवी, हीरा देवी, पिंकी रावत, शारदा रावत, जसोदा रावत मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थियों में दो किशोरी घायल

**काशीपुर।** अलग-अलग स्थानों से दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ग्राम मानपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 7 नवंबर की रात्रि में घर वालों को बिना बनाये कहीं चली गई जो वापस नहीं लौटी। वहीं स्टेशन रोड स्थित एक कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री 2 नवंबर की दोपहर घर से बिना बताये कहीं चली गई। जिसे हरसंभव जगह तलाश किया गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# जोश और उत्साह के साथ भारतीय शिक्षा बोर्ड का पहला राष्ट्रीय खेल उत्सव का शुभारंभ

**आचार्यकुलम और गुरुकुलम में हुई विभिन्न प्रतियोगिता, स्वामी रामदेव और कार्यकारी अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, रामदेव बोले, भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत और भारतीयता का झंडा आगे लेकर बढ़ा, देश के कई राज्यों में भी होगी प्रतियोगिता, हरिद्वार के बाद आगरा, लखनऊ और जयपुर में भी होगी कई प्रतियोगिताएं, पहले खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, प्रतियोगिता में रेसलिंग, जूड़ो, बास्टकेटबाल, हैंडबाल, कबड्डी, मलखम, बैडमिंटन, योग, खो-खो आदि का होगा आयोजन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देवभूमि की धरा पर भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से पहला राष्ट्रीय खेल उत्सव का शुभारंभ जोश और उत्साह के साथ आचार्यकुलम में किया गया।

योग गुरु स्वामी रामदेव और भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप जलाकर पहले राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ किया। स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्ष बोर्ड से संबद्ध देश भर से प्रतिभाग करने आये खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। स्वामी रामदेव ने कहा कि बच्चों के निर्माण के लिए समग्र दृष्टि चाहिए। इन्हीं दृष्टि को लेकर भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत और भारतीयता का झंडा आगे लेकर बढ़ा है। इससे पूर्व आचार्यकुलम में बच्चों ने स्वामी रामदेव, कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह सहित सभी का अभिवादन किया। दीप प्रज्वलन के बाद मार्च पास्ट किया गया। जिसमें भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रखने वाले और प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों ने अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व मार्च पास्ट के दौरान किया। राष्ट्रीय खेल उत्सव के दौरान देश के 30 विद्यालय और 59 टीमें शिरकत कर रही हैं। हरिद्वार के गुरुकुलम और आचार्यकुलम में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पतंजलि गुरुकुलम में रेसलिंग, जूड़ो और मलखम का आयोजन किया गया जबकि बास्केटबाल, हैंडबाल और कबड्डी प्रतियोगिता आचार्यकुलम विद्यालय में हुआ। शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि 13 और 14 नवम्बर को वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन



जीएसएस इंटर कॉलेज, आगरा, उत्तर प्रदेश, 17 और18 नवम्बर को एथलेटिक्स व बैडमिंटन प्रतियोगिता लालबाग इसाबेला थोबर्न स्कूल लखनऊ, उत्तर प्रदेश में और 21 और 22 नवम्बर को योग व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिकन इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर, राजस्थान में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक सौष्ठव के साथ-साथ मानसिक और चरित्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के लिए बोर्ड देश में पहली बार प्रथम राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

# यूकेडी ने राज्य स्थापना दिवस पर अल्मोड़ा में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य गठन की रजत जयंती पर अल्मोड़ा में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा राज्य गठन की अवधारणा को पूरा करने में सरकार पूरी तरह किल साबित हुई है। चौघानपाटा स्थिति गांधी पार्क में रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही हम लड़ते रयां बैणी, हम लड़ते रूलो... जैसे जनगीतों को गाकर राज्य के वर्तमान हालातों पर चर्चा की। प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य, मूल निवास, गैरसैंण राजधानी, खनन चोरी आदि के लिए सरकार को जिम्मेदार बताया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का कुछ दस्तावेजों में उनका नाम एरोन गुरूंग दर्ज हो गया था, अब उनका नाम आरोन गुरूंग हो गया है।भविष्य में मेरे पुत्र को **आरोन गुरूंग** के नाम से ही जाना, पहचाना जाए और समस्त दस्तावेजों में अंकित किया जाए।

**तुलसी गुरूंग**
**दुधली,पो०ओ०नागल,**
**डोईवाला,देहरादून।**

# 'kjkc Bsds dks fojks/k esa txthriqj fuokfl;ksa dk èkjuk

रोहन कुमार शाह टाइम्स

हरिद्वार। जगजीतपुर कनखल क्षेत्र में स्थित शराब ठेके को दूसरे स्थान पर शिफ्ट की मांग को लेकर रविवार को भारी संख्या में महिलाएं, पार्षद व स्थानीय निवासियों ने जम के धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस ठेके के कारण पूरे क्षेत्र का माहौल बिगड़ चुका है। महिलाएं और बच्चे अब सुरक्षित महसूस नहीं करते क्योंकि शराब पीने के बाद आए दिन नशे में धुत शराबी सड़कों पर झगड़े कर माहौल खराब करते हैं जिसका बुरा प्रभाव बच्चो व स्थानीय लोगो पर पड़ता है और भयभीत होकर गुजारा करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों का यह भी आरोप है कि ठेके से शराब खरीदने पर एम.आर.पी से अधिकतम पैसे वसूले जाते है अगर ग्राहक विरोधा करते है तो ठेके के कर्मचारियों एकत्रित होकर मारते है। ठेके से संबधित मामले में पुलिस भी मुकदमा दर्ज करने से बचती है लोगों ने यह भी कहा कि पास के कई रेस्टोरेंट्स और खोखों में बिना लाइसेंस के खुलेआम शराब का सेवन करवा जा रहा है थाना प्रभारी को सभी जानकारी है फिर भी थाना प्रभारी अनदेखा करते है पार्षद सुमित त्यागी ने कहा यह सिर्फ एक सांकेतिक धारना है। आज यहां जो लोग आए हैं वे केवल दस प्रतिशित हैं अगर प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन होगा कि अधिकारियों को भी जवाब देना पड़ेगा क्योंकि खुलेआम अवैधा शराब बेची जा रही है पुलिस अवैधा शराब का व्यापार करने वाले व्यापारियों को पकड़ती है लेकिन अवैधा शराब व्यापारी चालान भरकर या जमानत करवा कर फिर अवैधा शराब के व्यापार में सक्रिय हो जाते है इसी क्रम में तहसीलदार सचिन कुमार ने कहा शराब ठेके को हटाने की मांग का ज्ञापन प्राप्त हुआ है। निर्णय उच्च अधिकारियों के स्तर पर लिया जाएगा जिसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। धारना स्थल पर नगर निगम पार्षद सुमित त्यागी एडवोकेट, अभिषेक भाटी, सागर सैनी, एडवोकेट सौरभ सिंह, आशीष चौधारी, विवेक चौहान, राजीव सैनी, उमराव एंकलेव, बद्री विहार, मानसी एंकलेव और गोपाल धााम के निवासी मौजूद रहे।

# अज्ञात उपद्रवी बाप बेटे पर जानलेवा हमला कर फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आदर्श नगर निवासी बाप-बेटे ने उपद्रवियों को दिनांक 7 नवंबर को रात्रि के समय अपने निवास के मुख्य मार्ग की ओर वाहन तेजी से ना चलाने के लिए कहा तो उपद्रवियों को बुरा लग गया और उपद्रवी लौटकर आधो घंटे बाद भगवान प्रसाद व सुशांत के निवास स्थल आदर्श नगर निकट खन्ना नगर पर आकर दरवाजा खुलवाया और सुशांत को गाली गलोज और मारने लगे इसी बीच भगवान प्रसाद अपने बेटे सुशांत को बचाने गया तो अचानक से उपद्रवी ने भगवानदास पर जानलेवा हमला सर पर कर दिया जिससे बाई आंख के ऊपर घाव हो गया व खून बहने लगा और उपद्रवियों ने सुशांत के हाथ पर डंडे से मारा जिससे दांये हाथ की दो उंगलियों फ्रैक्चर हो गई सुशांत के माथे पर भी काफी चोट लगी है जब आस पास के लोग एकत्रित होने लगे तो उपद्रवि जाते जाते गाली गलौज व जान से मारने की धामकी देकर भाग गये पीड़ित बाप-बेटे ने बताया कि उपद्रवियों ने शराब सेवन कर रखा था। पीड़ित बाप-बेटे ने घटना की तहरीर कोतवाली ज्वालापुर में दी थाना प्रभारी ने संज्ञान लेते हुए तीन अज्ञात उपद्रवियों के विरुद्ध घटना से संबधित धााराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक समीप पांडे को दी। पुलिस उपद्रवियों की तलाश कर रही है।

# vkWVks pkyd us vkRegR;k dh psrkouh nh

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में एक ऑटो चालक द्वारा आत्महत्या की चेतावनी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। वीडियो में ऑटो चालक ने एक अधिावक्ता, एक सरकारी शिक्षक और अपने ससुराल पक्ष पर मकान पर कब्जा करने और मारपीट कर घर से निकालने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वायरल वीडियो के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में अय्यूब अब्बासी नाम का व्यक्ति खुद को ज्वालापुर निवासी बता रहा है। उसने बताया कि पहले उसका मकान चौहानान मोहल्ले में था, बाद में उसने काजी कॉलोनी में नया मकान खरीदा। आरोप है कि इसी मकान पर एक अधिावक्ता और एक मास्टर ने कब्जा कर लिया है और उसे व उसके बच्चों को घर से निकाल दिया गया है। अय्यूब ने यह भी कहा कि उसके ससुराल वाले आए दिन आकर मारपीट करते हैं और उसे धामकाते हैं। उसने दावा किया कि कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भावुक होते हुए उसने वीडियो में कहा कि वह अब बेहद परेशान हो चुका है और यदि उसने आत्महत्या कर ली तो इसकी जिम्मेदार उसकी पत्नी, अधिावक्ता, मास्टर और ससुराल पक्ष होगें। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# fo/kok efgyk ls 'kknh dk >klk nsdj nq"deZ

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में नौकरी करने वाली एक विधवा महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता मूल रूप से कोलकाता निवासी है और सिडकुल में किराये के मकान में रहकर नौकरी करती है।

उसने बताया कि पति की मौत के बाद उसकी जान-पहचान मोनू निवासी फूलगढ़ थाना पथरी से हुई। आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर उससे शारीरिक संबंधा बनाए और बाद में मुकर गया।जब महिला ने शादी पर जोर दिया तो आरोपी ने धामकी दी कि बात उजागर करने पर जान से मार देगा। थाना प्रभारी सिडकुल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत संबंधित धााराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विधायक मेधावी छात्रों के साथ भारत दर्शन पर

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी अपने क्षेत्र के सौ मेधावी विद्यार्थियों के साथ भारत दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत शनिवार को हरिद्वार पहुंचे। यह सभी विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में सर्वोच स्थान प्राप्त करने वाले हैं। विद्यार्थियों ने मां चंडी देवी मंदिर दर्शन, गंगा आरती में भाग लिया तथा सिडकुल स्थित हीरो मोटर्स संस्थान का भ्रमण किया। विधायक ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से वह प्रतिवर्ष ऐसे मेधावी छात्रों को लेकर दस दिवसीय भारत दर्शन यात्रा पर निकलते हैं। इस वर्ष यात्रा की शुरुआत विधानसभा देवप्रयाग से हुई है। उन्होंने बताया कि पहले दिन हरिद्वार भ्रमण के बाद रात्रि में सभी विद्यार्थी हरिद्वार रेलवे स्टेशन से गुजरात के लिए रवाना होंगे। गुजरात में यह दल लगभग 200 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों का दौरा करेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री सतीश लखेड़ा भी उनके साथ उपस्थित रहे। हरकी पैड़ी पहुचने पर श्री गंगा सभा की ओर से मंत्री डॉ. सिद्धार्थ चक्रपाणि और सचिव उज्ज्वल पंडित ने विद्यार्थियों एवं विधायक विनोद कंडारी का गंगा जल, प्रसाद और अंगवस्त्र भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।



# jkT; dh [kq'kgkyh ds fy, lar lekt lnSo rRij% egkeaMys'oj

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरा दास हनुमान मंदिर के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ. सन्तोषानंद देव महाराज ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने अवसर पर आश्रम में संत महापुरुषों के सानिध्य में राज्य की खुशहाली और तरक्की के लिए हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात संत-महापुरुषों को भोजन प्रसाद वितरण किया गया। महाराज ने कहा कि राज्य की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को आपसी समन्वय स्थापित करना चाहिए। धाामी राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और प्रधाानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष स्नेह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं लगातार उत्तराखंड को लाभान्वित कर रही हैं। सभी को राज्य की प्रगति के लिए मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। यह भी कहा कि संत समाज सदैव श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करता आया है और प्रदेश की खुशहाली के लिए विशेष धाार्मिक अनुष्ठान भी करता रहता है। पहाड़ और मैदान के विवाद उत्पन्न नहीं करने चाहिए, क्योंकि प्रदेश में रहने वाले सभी उत्तराखंडी एक ही परिवार के अंग हैं। महाराज ने बताया कि श्री अवधूत मंडल आश्रम में निरंतर जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। और कहा कि मानव सेवा ही हमारा सच्चा धार्म है।



# lqeu ikdZ esa 'kjkc dk lsou

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। टिहरी विस्थापित कॉलोनी वार्ड नंबर 6 नगरपालिका परिषद के सुमन पार्क में शराबी निडर होकर शराब पी रहे और पीने के बाद कॉलोनी का माहौल बिगाड़ रहे स्थानीय लोगो ने विरोधा जताते हुए करवाई करने की माँग की है शराबी से पूछताछ करने पर कहा कि कभी कभी आते है।

## प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

काशीपुर। उत्तराखंड राज्य स्थापना का रजत जयंती समारोह मंडी समिति काशीपुर में धूमधाम से मनाया गया। रजत जयंती समारोह के साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत 4 नवम्बर को मंडी समिति काशीपुर द्वारा मंडी स्थल में वृक्षारोपण, 5 नवम्बर को मंडी क्षेत्रान्तर्गत चिकित्सालयों में फल वितरण, 7 नवम्बर को मंडी समिति के निरीक्षण भवन में निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जबकि 8 नवम्बर को मंडी समिति स्थल में स्वच्छता दिवस मनाया गया।

# कॉलेज में पर्वतीय व्यंजनों के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। चिन्मय डिग्री कॉलेज में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष कुमार गुप्ता भेल जी.एम एच.आर, आलोक शुक्ला सचिव चिन्मय महाविद्यालय एवं प्राचार्य डॉ आलोक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर गढ़वाली भाषा में सरस्वती वंदन के साथ किया। महाविद्यालय में रजत जयंती अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्वतीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए जो की आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने व्यक्तव्यों में अभिभाषित किया साथ ही छात्रा ने गढ़वाली गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर उत्तराखंड राज्य की संस्कृति को उजागर किया। छात्र-छात्राओं द्वारा कई प्रकार के पर्वतीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए जो की आकर्षण का केंद्र रहा। पहाड़ी व्यंजनों की सभी ने सराहना की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य स्थापना दिवस की बधााई देते हुए कहा कि इन पच्चीस वर्षों में विकास कार्य तेजी से हुआ है । जबकि प्रदेश में कई बार प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी है लेकिन फिर भी तत्कालीन सरकारों ने उत्तराखंड राज्य को मजबूती से खड़ा करने का प्रयास किया है। यह भी कहा कि उत्तराखंड के विकास हेतु आम जन की सहभागिता जरूरी है तभी हमारा राज्य समृद्धशाली राज्य बन सकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ आलोक अग्रवाल ने कहा राज्य इन पच्चीस वर्षों में सतत विकास की ओर अग्रसर होते हुए एक मजबूत वट वृक्ष बनकर उभर रहा है तत्कालीन सरकार ने राज्य के



को मजबूती प्रदान करने हेतु रोजगार, स्वास्थ्य और गांव-गांव तक सड़कों जोड़ने का प्रयास किया है। प्रोफेसर आनंद शंकर सिंह ने सर्वप्रथम संसद में उत्तराखंड की नींव रखने वाले कुमाऊं केसरी बद्रीदत्त पांडेय को याद किया जिन्होंने उत्तराखंड राज्य बनाने की बात रखी थी। यह भी कहा की हमारे पर्वतीय जिलों का पलायन नहीं रुक पाया यह एक गंभीर ओर सोचनीय विषय है जिस पर तत्कालीन सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका प्रणिता भट्ट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सभी प्रदेशवासी अपने राज्य का पच्चीसवाँ स्थापना दिवस मना रहे हैं जो हमारे राज्य के गौरव और संस्कृति का प्रतीक है 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर भारत के 27 और हिमालय की 11वीं उत्तराखंड राज्य के रूप में अस्तित्व में आया यह दिन उत्तराखंड वासियों के लिए अत्यधिाक महत्वपूर्ण है। मंच का सफल संचालन डॉ स्वाति शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर मधु शर्मा व कई सम्मानित डॉक्टर, अधिकारी एवं प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# जनपद में साइकिल रैली का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जिला खेल कार्यालय द्वारा 9 नवम्बर, 2025 को प्रात: आठ बजे साईकिल रैली का आयोजन हुआ। साईकिल रैली का शुभारम्भ शबाली गुरुंग जिला क्रीडा अधिकारी हरिद्वार एवं आशु चौधारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली सी.सी.आर. हरिद्वार से आरम्भ होकर कमला पैलेस श्यामपुर कांगड़ी से वापस सी.सी.आर हरिद्वार पर आकर समाप्त हुई। रैली का शुभारम्भ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के शुभ अवसर पर हुआ। साईकिल रैली में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को खेल विभाग हरिद्वार द्वारा टी.शर्ट वितरित की गयी।



# fcTkyh pksjh o psd ckmal ds ekeys esa nks vfHk;qDr fxj¶rkj

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जिन अभियुक्तों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट न्यायालय से जारी हुए है उन अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रानीपुर द्वारा वारण्टियो के विरूद्ध लगातार जनपद एवं गैर जनपदो में दबिशे देकर ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है। जिस कारण कुछ अपराधि स्वयं कोर्ट में भी आत्मसमर्पण कर रहे है। इसी क्रम में रानीपुर पुलिस द्वारा वारण्टियो की धार पकड़ की कार्यवाही को जारी रखते हुए दिनांक 9 नवंबर को दो वारण्टियो शरफराज पुत्र असरफ को बिजली चोरी के मुकदमे में और दीपक पुरोहित पुत्र चन्द्र दत्त पुरोहित निवासी सुमन नगर को चेक बाउंस के परिवाद में धार दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम की ओर से उप निरीक्षक अर्जुन कुमार, कांस्टेबल महेन्द्र तोमर और हेड कांस्टेबल कोतवाली रानीपुर ने कानूनी करवाई की।

# dkyh lsuk us fgUnw jkT; cukus dk ladYi fy;k

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर काली सेना का संकल्प पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा को प्रस्तुत करते हुए संकल्प पत्र जारी किया। भूपतवाला स्थित शांभवी धााम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि काली सेना देश व देवभूमि के उत्थान के लिए समर्पित एक निष्ठावान संगठन है। काली सेना का संकल्प सनातनियों की एकजुटता पर आधाारित है। पहाड़ मैदान के बीच खाई खोदने का काम कर रहे नेताओं के भरोसे उत्तराखण्ड की रक्षा नहीं की जा सकती है। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड हजारों बलिदानों के बाद प्राप्त हुआ है। इसका उत्थान हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि काली सेना द्वारा 9नवम्बर 2025 से 9 नवबंर 2026 तक अनेक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। यह अवधि देवभूमि जागृति वर्ष के रूप में जानी जाएगी। प्रत्येक गतिविधि निर्धाारित लक्ष्यों पर आधाारित होगी। संकल्पों का मूल उद्देश्य सनातन धार्म का प्रचार, जिहादी तत्वों पर रोक, जनसंख्या संतुलन और उत्तराखण्ड को शुद्ध रूप से हिन्दू राज्य बनाना है। उत्तराखण्ड से गायब हुई बच्चियों को ढूढ़ने के लिए काली सेना एक टास्क फोर्स का गठन करेंगी और उन्हें खोजने का कार्य करेगी।



उन्होंने कहा कि देवभूमि में मांस, मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंधा की माग को लेकर काली सेना जिलेवार जनजागरण यात्राएं निकालेगी और सभाएं करेगी। प्रदेश में पलायन एक बड़ी समस्या है। इस समस्या के समाधाान के लिए काली सेना जिलेवार रोजगार, स्वरोजगार का प्रशिक्षण और संस्थान चलाने के लिए धान उपलब्धा कराने का कार्य करेंगी। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड छोटा प्रदेश है। जिन लोगों ने पहाड़ से पलायन नहीं किया है। उनके लिए सरकार घर व स्थायी नौकरी की व्यवस्था करे। इसी क्रम यह भी कहा कि सम्पूर्ण हरिद्वार जनपद को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने के साथ हरिद्वार से देवप्रयाग तक के क्षेत्र को कुंभ क्षेत्र घोषित कर कुंभ क्षेत्र में मांस, मदिरा और गैर हिन्दुओं के निवास, व्यापार पर कानूनी रोक लगायी जाए। इसके लिए सरकार पर दवाब बनाने का कार्य काली सेना करेगी। हिन्दुओं की एकता के लिए ग्राम स्तर पर हिन्दू पंचायतों का मासिक आयोजन और पूरे उत्तराखण्ड में काली सेना के दस लाख सक्रिय सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। इसी के साथ उन्होंने उत्तराखण्ड के व्यापारियों से अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर अपना नाम लिखने की अपील की। इस अवसर पर हरीश देवली, मनोज गहतोड़ी आदि मौजूद रहे।

# iwoZ U;k;efrZ us viuk vuqHko lk>k fd;k%vf/koDrk ifj"kn cSBd

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। अधिावक्ता परिषद देवभूमि की बैठक में पूर्व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने कहा कि पूर्व से हमारे कानून में अनेक जटिलताएं हैं। जो वर्तमान भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने चुनौतियों के रूप में विद्यमान हैं। ऐसी स्थिति में वकीलों को आगे बढ़कर समाधाान की दिशा में काम करना होगा। यह विचार उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल के पूर्व न्यायमूर्ति ने उत्तराखंड अधिावक्ता परिषद देवभूमि की दो दिवसीय बैठक में न्याय व्यवस्था के सामने चुनौतियों के विषय पर व्यक्त किए। रविवार को प्रेमनगर आश्रम स्थित गोवर्धान हॉल में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने कानून अपनी सत्ता को मजबूत करने के लिए बनाया था। आजादी के बाद भी वही कानून व्यवस्था चल रही है। न्याय व्यवस्था के सुधाार में अब भी कमी है, जिससे परिणामों की गति धाीमी बनी हुई है। उन्होंने अपने 19 वर्ष के अधिावक्ता और 20 वर्ष के न्यायिक अधिकारी के अनुभव साझा करते हुए कहा कहा कि न्याय निष्पक्ष होना चाहिए अन्यथा समाज और राष्ट्र में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पूर्व न्यायमूर्ति शर्मा ने यह भी कहा कि न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लंबित मुकदमों एवं परिवादों को जल्दी समाप्त करना एवं जजों की कमी पूरी करना तथा समुचित संसाधानों की उपलब्धाता जरूरी है। उन्होंने अधिावक्ताओं से कहा कि वे अपने वादकारियों से नियमित चर्चा करें ताकि न्यायालय में उनकी बात स्पष्ट रूप से रखी जा सके। दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि अधिावक्ता परिषद के अथक प्रयासों से ज्यूरिसप्रूडेंस पुस्तक को दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रम में शामिल



कर लिया है। अतिथि राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह ने कहा कि श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा वर्ष 1992 में स्थापित परिषद निरंतर समाज को कानूनी व राष्ट्रीय मुद्दों पर दिशा दे रही है। बैठक की अध्यक्षता दिनेश सिंह पंवार ने की, संचालन विपिन कुमार ने किया। वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी घोषित की गई प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या, महामंत्री अनुज कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष संदीप टंडन घोषीत किये गए। शीघ्र ही नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में आर.एस.एस प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र, राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह, राजेश सिंह राठौर, दीपक ठाकुर, प्रियंका वर्मा, तेजेन्द्र गर्ग, दीपक भारद्वाज, रेणु डॉली उपाध्याय, शिवानी बंसला, तोशी चौहान, योगमाया कश्यप, खेमराज सेमवाल, लक्ष्मीप्रसाद उनियाल, ओंकार आदि अधिावक्तागण मौजूद रहे।

# स्कूल के समीप सट्टे की खाई बाड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। शनिवार देर शाम को फेरुपुर चौकी पुलिस ने स्मैक, चरस, गांजा पीने व बेचने तथा जुआ, सट्टा खेलने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत दिल्ली पिब्लिक स्कूल, कटारपुर, पथरी के निकट से एक व्यक्ति को सट्टा पर्ची लिखते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पैन डायरी एवं 7430 रुपये बरामद हुए पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ताजिम, आयु 30 वर्ष पुत्र वहाब निवासी कटारपुर थाना पथरी बताया आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धााराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम की ओर से उप निरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार एवं जयपाल सिंह ने विधिपूर्ण करवाई की।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार /ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# मुन्ना सिंह चौहान के बंगाली विरोधी बयान पर शक्तिफार्म में फूटा आक्रोश

**भाजपाइयों ने ही जताया विरोध, कहा- बयान से पार्टी की साख और समाज दोनों को गहरी चोट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** विकासनगर से भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान के विधानसभा सत्र के दौरान दिए गए बंगाली विरोधी बयान को लेकर अब भाजपा के अंदर ही विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। शक्तिफार्म में स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों और बंगाली समाज के लोगों ने रविवार को प्रेसवार्ता कर विधायक के बयान को "असंवेदनशील, समाज तोड़ने वाला और पार्टी विरोधी" करार देते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।

भाजपाइयों ने साफ कहा कि मुन्ना चौहान का बयान बंगाली समाज को अपमानित करने वाला है, जिसने वर्षों से उत्तराखंड के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से न सिर्फ बंगाली समाज आहत हुआ है, बल्कि इससे पार्टी की छवि को भी गहरा नुकसान पहुंचा है। वक्ताओं ने कहा कि देश के विभाजन के बाद बंगाली समाज ने उत्तराखंड की धरती को अपनी कर्मभूमि बनाया, और आज वे यहां के मूल निवासी और राज्य के विकास की रीढ़ हैं। बंगालियों को अनुसूचित जाति का दर्जा कोई खैरात नहीं, बल्कि उनका वैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि चौहान को पहले बंगालियों के गौरवशाली इतिहास और योगदान को समझना चाहिए, फिर ऐसे गैर-जिम्मेदार बयान देने चाहिए। भाजपाइयों ने याद दिलाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर बंगालियों के आरक्षण की वकालत की थी। ऐसे में एक भाजपा विधायक का इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से विरोध करना पार्टी की नीति के खिलाफ है। प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने यह भी कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ही बंगाली समाज के हित में पट्टाधारकों को भूमिधारी अधिकार, सिरसा मार्ग व सूखी नदी पर पुल निर्माण, और गुरुचांद ठाकुर छात्रवृत्ति योजना जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा। प्रेसवार्ता में संजय बाछाड़, गोविंद तालुकदार, समीर डे, दिलीप मिस्त्री, प्रभाकर राय, रबीन खान, तारक मंडल, केपी मंडल, सुबीर सरकार, प्रशांत मंडल,मयंक अग्रवाल , माखन मंडल, सुबल विश्वास, रमेश राय, मीना मजूमदार, राकेश विश्वास, अजय चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और समाज प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेके पब्लिक स्कूल में भव्य तरीके से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ को रजत जयंती के रूप में जहां पूरे प्रदेश देश में धूमधाम से मनाया गया, वहीं जेके पब्लिक स्कूल 17 मिल के परिसर में भी उत्तराखंड स्थापना दिवस को बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मौर्य व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र तिवारी ने रजत जयंती की समस्त क्षेत्र वासियों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

उन्होंने उत्तराखंड के 25 वर्षों में किए गए विकास कार्यों के साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए वीर सपूतों के संघर्षों, त्याग व बलिदान को याद किया। इस दौरान उन्होंने 1994 में मंस. ूरी, खटीमा और रामपुर तिराहा गोली कांड में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि 9 नवंबर 2000 को बने उत्तराखंड ने आर्थिक प्रगति तो की लेकिन पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य जैसी समस्याएं होने के बावजूद भी उत्तराखंड फल फूल रहा है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की विशेषताओं से संबंधित अनेकों रंगा. रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मोहम्मद हनीफ, रामगा. पाल, अजय, नंदलाल मोर्य, संदीप कुमार, प्रभा जोशी, हेमा, कुमारी मनप्रीत, कुमारी भावना, एलिशा, ममता, निशा, सुमन, भावना पंत, काजल, माधुरी, राजकुमार, प्रेरणा, मंगेश, तुलसी, सोनम, आफताब, अलशिफा, आकांक्षा तथा अजय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## सुरक्षा गार्ड से मारपीट का वीडियो वायरल

रुद्रपुर। रुद्रपुर की एक पॉश कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड से मारपीट का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक व्यक्ति सुरक्षा गार्ड को सोता हुआ देखकर आग बबूला हो जाता है और उसे थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक, वायरल वीडियो दीपावली के दौरान का बताया जा रहा है। इस वीडियो में कॉलोनी में तैनात एक गार्ड सोफे पर सोते हुए दिख रहा है। इसी बीच व्यक्ति गुस्से में पहुंचता है और वह पहले सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ मारते दिखाई दे रहा है। व्यक्ति यहीं नहीं रुकता वह सुरक्षा गार्ड को डंडे से पीटता है और गार्ड रूम से भगाता है। गार्ड खुद को बचाने की कोशिश करते दिख रहा है, लेकिन यह व्यक्ति उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटता रहा।

# सादगी व उत्साह से मनाई राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती दिवस) जनपद में सादगीपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में आयोजित हुआ, जबकि उपजिला मुख्यालयों में भी इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशवा. सियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष अशोक सिंह नबियाल, जिलाधिकारी आशीष भटगांई,



भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह वल्दिया तथा ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी भटगांई ने मुख्य अतिथि अशोक सिंह नबियाल को एक पौधा भेंट कर हरित संदेश दिया। वहीं रं समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें राज्य की लोकसंस्कृति एवं लो. कगीतों की झलक दिखाई दी। रजत जयंती समारोह में जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को चेक वितरण भी किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक सिंह नबियाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस उन राज्य आंदोलनक. ारियों के त्याग और बलिदान को नमन करने का अवसर है, जिनके संघर्ष के परिणामस्वरूप उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन "वोकल फॉर लोकल" से जनपद के स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है तथा 2 नवम्बर को आयोजित अल्ट्रा मैराथन से "वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम" को और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने समस्त जनपदवासियों को रजत जयंती की शुभकामनाएं दीं और मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों, नगरवासियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस हमें उन आंदोलनकारियों के संघर्ष की याद दिलाता है, जिनके अथक प्रयासों से उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जीएम डीआईसी कविता भगत एवं शिक्षक करण थापा द्वारा किया गया।

# लोगों के बलिदन के बावजूद आज भी नहीं बना उनके सपनों का उत्तराखंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाजवादी लोक मंच द्वारा रामनगर में आयोजित जन सम्मेलन में जनता ने एक स्वर में कहा कि यह वह उत्तराखंड नहीं है जिसके लिए 42 लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी। जिसके लिए महिलाओं को अपमान झेलना पड़ा और हजारों हजार लोग जेल गए।



रविवार को रामनगर पायते वाली रामलीला में ललिता रावत व लक्ष्मी सिंह के संयुक्त संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सदन नये समाज बनाने के संकल्प के साथ जन-गीतों और नारों से गूंज उठा।सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 90 के दशक में जिन सवालों को लेकर उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए आंदोलन हुआ था वे आज तक वैसे ही बने हुए हैं।

सरकार नौजवानों को नौकरी देने की जगह पेपर लीक और भाई भतीजावाद को बढ़ावा दे रही है। भाजपा व कांग्रेस जैसे दलों ने जनता की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने की जगह लूट-खसोट की है। भाजपा और कांग्रेस नेताओं का अवसरवाद चरम पर है। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से बढ़कर 2.73 लाख रुपये पहुंचाने का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि उनके अनुसार 5 सदस्यों के परिवार की औसत आय 13 लाख रुपये से भी अधिक है तो भोजन माता को मात्र सालाना 36 हजार और आंगनबाड़ी और अन्य मजदूरों को सालाना एक डेढ़ लाख रुपए वेतन ही क्यों दिये जाते हैं। वक्ताओं में प्रगतिशील, वामपंथी संगठनों, महिलाओं किसान, मजदूर, आदिवासी, अल्पसंख्यकों व गरीबों से एक मंच पर आकर अपने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अधिकार, जंगली जानवरों से सुरक्षा, पर्यावरण व भाईचारा बचाने के के लिए संघर्षों को आगे बढ़ने का आवाह्न किया।

इस दौरान समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, उपपा नेता पीसी जोशी, दिनेश उपाध्याय, जन कवि बल्ली सिंह चीमा, तरुण जोशी, इस्लाम हुसैन, भगवती आर्य, ललित उप्रेती, अमन, अंजू, मेघा, माही, सुंदरखाल, प्रेम राम आदि मौजूद रहे।


# उत्तराखंड के 25 वर्षों की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया, तो खोया भी अपना सम्मान

**मनीष जैसे उत्तराखंड में यदि जिलाधिकारी हो तो हमारा राज्य हिमालय की तरह ऊंचा एवं बेदाग हो सकता है: उपाध्याय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। पिछले 25 वर्षों में प्रदेश ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं ख्र बिजली, पानी, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में प्रगति हुई है, प्रशासनिक संवेदनशीलता भी बढ़ी है और पहाड़ों की नैसर्गिक पहचान अब तक बरकरार है।

हालांकि, इस अवधि में हमने कई सामाजिक विकृतियों को भी आमंत्रित किया है। यह कहना है केंद्रीय सचिवालय में सेवा कर चुके एवं लंबे समय से उत्तराखंड के सामाजिक परिवेश पर नजर बनाए हुए मडलक गांव के प्रकाश उपाध्याय का। श्री उपाध्याय का कहना है कि "नशे के प्रति हमारी



जागरूकता बेहद सीमित है। लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि आज नशे की यह लत किस तरह उत्तराखंड के भविष्य को निगल रही है।" उन्होंने कहा कि नेताओं और अधिकारियों का आपसी गठजोड़ भी राज्य के उज्जवल भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। उनका कहना है कि पहाड़ों में बढ़ती नवधनिक संस्कृति सामाजिक विकृतियों को जन्म दे रही है, जिससे हमारी पारंपरिक सोच और मूल्य प्रभावित हो रहे हैं। अब मैदानी क्षेत्रों की तरह यहां भी विभिन्न तरह के 'माफिया' सक्रिय होते जा रहे हैं।शिक्षा के क्षेत्र में भी हम गुणवत्ता और ऊंची सोच विकसित करने में पीछे रह गए हैं। सामाजिक जीवन में बढ़ता भ्रष्टाचार पहाड़ के सहज और सादगीपूर्ण स्वभाव पर नकारात्मक असर डाल रहा है। प्रकाश उपाध्याय का मानना है कि यदि अब भी समाज सही दिशा और सोच के साथ आगे बढ़े, तो उत्तराखंड निश्चित रूप से विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने इस बात पर काफी संतोष व्यक्त किया कि जिलाधिकारी के रूप में मिला किसान का बेटा मनीष कुमार ने अपनी सोच व कार्य क्षमता से जिले के लोगों में विश्वास का जो वातावरण पैदा हुआ है। उसे देखते हुए यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि इस अधिकारी की सोच से चम्पावत जिले को नए आयाम मिलने के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा सम्मान मिलेगा। यदि इसी सोच के उत्तराखंड में जिलाधिकारी हो तो यह राज्य हिमालय की तरह ऊंचाईयां छुने के बेदाग हो सकता है।

# रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर डीडीहाट द्वारा संचालित रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कुमाऊं राफ्टिंग कयाकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा की जिला पर्यटन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 15 छात्रों को गोरी व काली नदी में जौलजीवी से हंसेश्वर तक रीवर रन कराया गया। व आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई । दिनेश गुरुरानी ने उन्हें हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। दिनेश गुरु रानी ने पौधारोपण अभियान के 482वे दिन के अवसर पर दवालीसेरा की ग्राम प्रधान सुमन देवी को पौधे दिए। साथ ही गोरी नदी तट पर सफाई अभियान भी चलाया गया। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष विभिन्न मदों से छात्र-छात्राओं को रीवर राफ्टिंग का प्रशिक्षणदिया जाता है ।जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में राफ्टिंग को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग शीघ्र ही योजना बनाएगी। दवालीसेरा ग्राम की ग्राम प्रधान सुमन देवी ने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ उनके गांव के अनुसूचित जाति के छात्रों को दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान के तहत दिए गए पौधों को वह अपने गांव में लगाएंगे। उन्होंने कहा कि अपने गांव के बच्चों को साहसिक पर्यटन से जोड़ने का पूरा प्रयास करेंगे ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 15 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम रीवर गाइड राजेंद्र सिंह पदम सिंह मनोहर सिंह ऐरी, निक्कू नरेंद्र सिंह, दिव्यांशु शाही, दीपक बिष्ट, ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट उपेंद्र पाल उपस्थित रहे।

## शादी की एल्बम को लेकर फोटोग्राफर से मारपीट, तहरीर सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** रविवार दोपहर गावा चौक स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास उस समय हंगामा मच गया जब शादी की एल्बम को लेकर एक युवक ने फोटोग्राफर के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत करवाया। रुद्रपुर निवासी एक फोटोग्राफर ने बताया कि वह शादी की एल्बम, वीडियो और रील बनाने का काम करता है। उसने एक युवक की शादी का कार्य किया था। वीडियो और रील देने के बाद केवल फोटो एल्बम देना बाकी था। आरोप है कि रविवार को उक्त युवक ने उसे गावा चौक पर बुलाया। वहां पहुंचने पर वह युवक अपने साथियों के साथ खड़ा मिला।

शादी की एल्बम को लेकर हुई बातचीत के दौरान कहासुनी बढ़ी और युवक ने फोटोग्राफर के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर अफरातफरी मच गई। किसी तरह फोटोग्राफर ने खुद को बचाया, लेकिन हमले में वह घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल युवक नगर निगम का फोटोग्राफर बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी लाकर पूछताछ की और घायल का मेडिकल कराया।

# हाईवे किनारे खंती में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** मलपुरी में हाईवे किनारे एक खंती में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम सरकड़ा निवासी दीपक ने बताया कि वह चीनी मिल के पास स्थित दुकान में काम करता है। रविवार को जब वह दुकान पर था, तभी लोगों से उसे मलपुरी में शव मिलने की जानकारी मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि शव उसके भांजे 32 वर्षीय आकाश पुत्र ओम प्रकाश का है, जो सरकड़ा में अपने परिवार के साथ रहता था। आकाश सरकड़ा स्थित एक पेट्रोल पंप में कार्यरत था।

रविवार सुबह आठ बजे वह साइकिल से ड्यूटी के लिए निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। रास्ते में किसी अज्ञात कारण से उसकी मौत हो गई। परिवार में मां, पत्नी और तीन बेटियां हैं। उसकी मौत की खबर से परिवार में को. हराम मचा है। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं और मौके पर मिली साइकिल भी क्षतिग्रस्त नहीं थी। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## एक नजर

### राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जू. हा. फोर्ती में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को उत्तराखंड राज्य आंदोलन की जानकारी देने के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



उत्तराखंड पर आधारित सामान्य जान प्रतियोगिता में प्रियांशु उपाध्याय, नितिन तथा हिमानी उपाध्याय, चित्रकला में हिमानी, निशा,कविता उप्रेती, मानचित्र निर्माण में निशा बगौली, कविता उप्रेती तथा तनिष्क पुनेठा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। सभी स्थान प्राप्त बच्चों को कॉपी, पैन, पेंसिल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में इंद्रा आर्या,जया जोशी एवं बी एड प्रशिक्षु सीमा उपाध्याय, राखी विश्वकर्मा ने सहयोग किया। उधर राउमावि खूनाबोरा में शैलेश मटियानी उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बच्चों को उत्तराखंड गठन के इतिहास की विस्तृत जानकारी दी तथा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### शौर्य, समर्पण और स्वाभिमान की मिसाल शहीद शंकर दत्त राय को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राय नगर चौड़ी गांव पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। शहीद शंकर दत्त राय की शहादत को स्मरण करते हुए गांव का वातावरण सेवा, समर्पण और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह ढेक, जिलाधिकारी मनीष कुमार और एडीएम के.एन. गोस्वामी मौजूद रहे। इस अवसर पर शहीद की स्मृति पट्टिका और मूर्ति का अनावरण किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई। सभी पूर्व सैनिक अपने गैलंट्री अवॉर्ड्स के साथ उपस्थित रहे। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने कहा कि "जीवन में मृत्यु शाश्वत सत्य है, लेकिन कुछ विरले लोग अपने बलिदान से अमर हो जाते हैं।" उन्होंने शहीद के परिवार को नमन करते हुए कहा कि शंकर दत्त राय जैसे वीर हमारे लिए प्रेरणा हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि राय नगर चौड़ी की धरती में प्रवेश करते ही सेनानियों के त्याग और बलिदान की महक महसूस होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक लीग के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह देव ने की और संचालन जीवन मेहता एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेश राय ने किया। इस अवसर पर एडीएम के.एन. गोस्वामी ने कहा कि देश की सुरक्षा ऐसे ही बलिदानियों की अमर गाथा पर टिकी है। शहीद के अनुज कमल राय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जब हमारे पिता नहीं रहे, तभी भाई ने देश के लिए प्राण न्योछावर कर हमें गर्वित किया। सेना ने जो सम्मान और सहयोग दिया, वह हमारे परिवार के लिए अमूल्य है। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों ने शहीद स्मारक और मूर्ति पर पुष्पचक्र अर्पित किए। कार्यक्रम में कोतवाल अशोक कुमार, डी.डी. पांडे, ग्राम प्रधान जानकी राय, प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता, सुमित राय, चंद बोहरा, डॉ. कुटियाल, नाथूराम राय समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त सोनिया आर्य, शांभवी मुरारी एवं आराध्या राय ने अपनी भावनात्मक प्रस्तुतियों से वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।

### राज्य स्थापना दिवस हुआ एनएनएस शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ को समर्पित था, जिसमें उत्तराखंड के विकास पथ, युवाओं की भूमिका तथा सेवा-भावना को केंद्र में रखा गया। शिविर का उद्घाटन नानकमत्ता क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राना ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और नेतृत्व विकास के साथ-साथ राज्य निर्माण के आदर्श मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि "सेवा भाव, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व-यही उत्तराखंड के युवाओं की असली पहचान है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजला दुर्गापाल ने यह भी कहा कि "उत्तराखंड राज्य की स्थापना का मूल उद्देश्य थाख्रविकास, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी। एन.एस.एस. इन उद्देश्यों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है, जो युवाओं को समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. मृत्युञ्जय शर्मा, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. ममता सुयाल, डॉ. चम्पा टम्टा, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. स्वाति पंत, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. दर्शन सिंह मेहता, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, तथा महेश कन्याल, श्रीराम, जगदीश सिंह, विपिन थापा, सुनील कुमार औरसंतोष चन्द भी उपस्थित रहे।

### शिक्षा, प्रशासन और शासन में दी जाए कुमाउंनी भाषा को मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रुद्रपुर में आयोजित तीन दिवसीय 17वें राष्ट्रीय कुमाउंनी भाषा सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रफुल्ल चंद्र पंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और गढ़वाली भाषाएं उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला हैं।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को शिक्षा, प्रशासन और शासन में मान्यता देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में विभिन्न विद्वानों ने कुमाउंनी भाषा की ध्वन्यात्मकता, व्याकरण और उपभाषाओं पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में कुमाउंनी व्याकरण कोश और लोककथा संकलन तैयार करने के प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही कुमाउंनी साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया।

सम्मेलन में सरकार से पांच प्रमुख कुमाउनी को द्वितीय राजभाषा घोषित करने, प्राथमिक शिक्षा में इसे वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने, भाषा शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ करने, कुमाउंनी भाषा संस्थान को नियमित बजट प्रदान करने, साहित्य और फिल्म क्षेत्र में कुमाउंनी भाषा के लिए पुरस्कार स्थापित करने की मांगें की गईं। समापन अवसर पर कुमाउंनी गीतों की गूंज के बीच विशिष्ट अतिथि डॉ. केसी चंदोला ने सम्मेलन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए पौधरोपण और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डॉ. हयात सिंह रावत, मुख्य संयोजक डॉ. बीएस बिष्ट और सह संयोजक डॉ. ललित मोहन उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड संघर्ष, समर्पण, बलिदान का परिणामः सुमित हृदयेश

## राज्य स्थापना की रजत जयंती पर महानगर हल्द्वानी में विविध कार्यक्रमों की रही धूम

### कांग्रेस ने राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर हल्द्वानी एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में रविवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ को रजत जयंती गौरव दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम और सम्मान के साथ मनाया गया। रजत जयंती पर राज्य आंदोलनकारियों को माल्यार्पण कर और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके संघर्ष और समर्पण को नमन करते हुए उनकी उपस्थिति को अत्यधिक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना अनेकों आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। मातृशक्ति और छात्र शक्ति ने इस आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। यह सम्मान समारोह न केवल उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है। उन्होंने कहा कि उत्तरांचल से उत्तराखंड तक की 25 वर्षों की यात्रा राज्य निर्माण की भावना के अनुरूप नहीं रही है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने इस अवसर पर कहा आज यह चिंतन का विषय है कि जिस उद्देश्य और सोच के साथ राज्य की मांग उठी थी, क्या वह पूरी हो पाई? क्या आंदोलनकारियों का सपना साकार हुआ? जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि 25 साल पहले जब पृथक राज्य की मांग उठी थी, तब जिन परिस्थितियों का सामना किया गया था, आज भी लगभग वैसी ही स्थितियाँ बनी हुई हैं। यह सभी के लिए आत्ममंथन और विचार करने का समय है। कार्यक्रम में प्रमुख राज्य आंदोलनकारी डा. केदार पलड़िया, हेमंत बगड़वाल, ललित जोशी, जगमोहन चिलवाल, जगमोहन बगड़वाल और कैलाश शाह ने राज्य निर्माण के संघर्ष, उसकी पृष्ठभूमि और वर्तमान परिस्थितियों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान कई अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं और आंदोलनकारियों का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर विजय सिजवाली, सुनील पंत, गोविंद नागिला, भुवन तिवारी, डा. बालम बिष्ट, ललित कांडपाल, दिनेश तिवारी, आशा रावत, जानकी जोशी, सुनील कुमार, बलवंत डंगवाल, प्रदीप अनेरिया, डा. डीएन भट्ट, धर्मा पलड़िया, पुष्पा भट्ट, जानकी परगाई, दुर्गा त्रिपाठी, कांति देवी, मोहनी रावत, नमिता अग्रवाल, भगवान सिंह, बनवंत राणा, नारायण सिंह, गंगा सिंह, कुंदन मेहता, पुष्पा बिष्ट, कमला जोशी, सुहैल सिद्दीकी, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, डा. मयंक भट्ट, मधु सांगुड़ी, भागीरथी बिष्ट, जया कर्नाटक, राधा आर्य, मीमांसा आर्य, विमला सांगुड़ी, गीता बहुगुणा, रत्ना श्रीवास्तव, पुष्पा तिवारी, नितिन भट्ट, कौशलेंद्र भट्ट, हेम पांडे, जाकिर हुसैन, सूरज प्रकाश, एड. धर्मवीर भारती, सुशील डुंगरकोटी, गुरप्रीत सिंह, लाल सिंह पंवार, दिवेश तिवारी, देवेंद्र नेगी, सतनाम सिंह चटवाल, प्रदीप नेगी, संजय जोशी, संदीप भैसोड़ा, नंदन दुर्गापाल, कुंदन नेगी, खजान पांडे, चंदन भाकुनी आदि मौजूद रहे।




### व्यापारियों ने उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य के विकास और मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि राज्य का गठन आंदोलनकारी महिलाओं की संघर्षशीलता और समर्पण का परिणाम है। उनके संघर्ष के कारण ही आज सभी राज्यवासी रजत जयंती धूमधाम से मना रहे हैं। मंडल के नेताओं ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य में भ्रष्टाचार की वृद्धि ने शहीद आंदोलनकारियों का अपमान किया है और राज्य की जनता आज खुद को ठगा हुआ महसूस करती है। इस बात का स्पष्ट उदाहरण विधानसभा के विशेष सत्र में राज्य के मान्य विधायकों द्वारा की गई चर्चाओं में देखा गया, जिसमें उन्होंने राज्य की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा अगर राज्य को तेजी से विकास की दिशा में बढ़ना है, तो जनप्रतिनिधियों को केवल पर्वतीय क्षेत्रों के अति दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि पलायन रोका जा सके और लोग अपनी मातृभूमि में स्थिर रह सकें। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, संयोजक धर्मे यादव, राजीव अग्रवाल, रामबाबू मिश्रा, शकील अहमद, दीपक माहेश्वरी, पुरन लाल साह, कुंदन बिष्ट, दयाकिशन उपाध्याय, रिशभ पाठक, चमन गुप्ता, ललित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### यूकेडी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. डीडी पंत पार्क में रविवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर 42 शहीदों को सम्मानित करते हुए उनकी याद में 42 मोमबत्तियां जलाई गईं। कार्यक्रम में स्व. डीडी पंत का माल्यार्पण कर उत्तराखंड राज्य के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापक सदस्य खड़क सिंह बगड़वाल ने की, जबकि संचालन एनडी तिवारी ने किया। इस मौके पर एडवोकेट प्रकाश जोशी, भुवन चंद जोशी, मदन सिंह मेर, जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, एडवोकेट मोहन कांडपाल, कमल पंत, एनके पांडे, बच्ची सिंह बिष्ट, उत्तम बिष्ट, कैप्टन एमसी तिवारी, गोविंद सिंह, भुवन बिष्ट, दीपक भारती, अशोक सिंह बोहरा, जगदीश चंद्र, मोहन सिंह नेगी, हरीश मेवाड़ी, प्रदीप कुमार कोठारी, प्रदीप पंत, प्रकाश सिंह, हेम चंद्र पाठक, कृष्ण चंद्र आर्य, भूपेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र आर्य, दिनेश जोशी, भारत सिंह, मनीष सिंह, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



### बुद्ध पार्क में जन अधिकार संगठनों की परिचर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में विभिन्न सामाजिक और जन अधिकार संगठनों ने संयुक्त रूप से एक परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के प्रति मौन धारण कर की गई, और इसे राज्य आंदोलन के दौरान गाए जाने वाले प्रसिद्ध गीत लड़ना है भाई, यह तो लंबी लड़ाई है के साथ समाप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन यतीश पंत ने किया। परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की मांग के पीछे राज्य के छात्र-नौजवान, महिलाएं, मजदूर, किसान और मेहनतकश लोग थे, जिन्होंने जाति और धर्म से ऊपर उठकर इस संघर्ष में भाग लिया और कई लोगों ने अपनी शहादत दी। लेकिन 25 वर्षों के बाद राज्य की स्थिति बदतर होती चली गई है।

आज भी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है, और रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं, और पेपर लीक जैसे मामलों ने समस्याओं को और गहरा दिया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले, जैसे अंकिता भंडारी, महिमा सेठ, प्रीति शर्मा हत्याकांड, में अब तक इंसाफ नहीं मिला है।

कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया गया कि राज्य सरकार द्वारा मनाई जा रही रजत जयंती अमीरों और सत्ताधारियों के लिए है, जबकि राज्य की संघर्षशील जनता ने राज्य आंदोलन के दौरान और आज भी सिर्फ धोखा ही पाया है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि हमें अपने इतिहास और आंदोलन की विरासत को आगे बढ़ाना होगा और भगत सिंह के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में काम करना होगा, जहां वास्तविक समानता और न्याय होगा। कार्यक्रम में यतीश पंत, महेश, रजनी जोशी, हरीश लोधी, राजीव टंडन, आकाश, प्रकाश चन्द्र फुलोरिया, टीकाराम पांडेय, चन्द्र शेखर भट्ट, निघत परवीन, सवालधा, शखावत, मुकेश भंडारी, भावना गोस्वामी, जीआर टम्टा, सुंदर लाल, आरपी गंगोला, चन्दन सहित मानव अधिकार रक्षा अभियान, परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास), भीम आर्मी, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन (क्रालोस), प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, जन मैत्री संगठन, मूल निवासी और ट्रेड यूनियन जैसे कई संगठन के सदस्य मौजूद रहे।



### देशभक्ति और गौरव के वातावरण में हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को हल्द्वानी स्थित एक बैंक्वेट हॉल कमलुवागांजा चौराहा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जिला नैनीताल के तत्वावधान में परिषद का वार्षिक प्रांत अधिवेशन एवं उत्तराखंड राज्य रजत जयंती समारोह धूमधाम और राष्ट्रभक्ति के जोश के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर परिषद की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उत्तराखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के मौके पर देवभूमि के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद परिषद के जिला नैनीताल अध्यक्ष, रिटा. कैप्टन डीके जोशी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन परिषद की एकता, सेवा और उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती की गौरवमयी यात्रा का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रांत सह प्रचारक चंद्र शेखर ने कहा कि पूर्व सैनिक समाज के सच्चे प्रेरणास्रोत हैं, जिन्होंने न केवल सीमा पर देश की रक्षा की, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा और समर्पण का आदर्श प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों ने सीमाओं पर तो देश की रक्षा की ही, साथ ही समाज में एकता, प्रेरणा और देशभक्ति का वातावरण भी बनाया है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी महेश शर्मा ने भी अपने विचार रखे और कार्यक्रम की सफलता की कामना की। इस मौके पर मेजर महावीर रावत, रिटा. कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी, रिटा. कैप्टन सोबन सिंह भड़, देवेंद्र डोभाल, पुष्कर बोरा, गोविंद बड़ती, अर्जुन सिंह भंडारी, भुवन चंद्र पाठक, नारायण सिंह बोरा, खुशाल सिंह मेहरा, दान सिंह बुंगला, गणेश मेहरा, राम सिंह डोबल, टीसी पांडे, भुवन भगत, प्रकाश जोशी, कविता नेगी आदि मौजूद रहे।



### राज्य के लिए बलिदान देने वालों को याद किया

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) को बड़े धूमधाम से गुरुनानक मार्केट स्थित प्रदेश कार्यालय में मनाया। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों की गोष्ठी को संबोधित करते हुए देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने राज्य आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी और मुजफ्फरनगर में शहीद हुए नेताओं को याद किया। इस मौके पर वरिष्ठ आंदोलनकारी अनिल खंडेलवाल, तरुण पंत, पंकज सुयाल, विनोद घड़ियाल, अनीता अग्रवाल, मोहिनी रावत, नीरज पंत, मनोज खुल्वे, सुनील पंत, वीरेंद्र रौतेला, नरेश भट्ट, दीपक रौतेला, घनश्याम बिष्ट, भास्कर बृजवासी, माधो सिंह देवपा, प्रेम सिंह परिहार, रमेश जोशी, प्रदीप अनेरिया, बलवंत डंगवाल, विनीत लोहनी, गोविंद नागिला, उमेश बेलवाल, विनीत खुल्वे, रजत पंत, संतोष गौड़ मौजूद रहे।



### रजत जयंती पर किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में बेस अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को याद करते हुए सरकार से मांगें करते हुए कहा कि सरकार को शीघ्र गैरसैण को स्थाई राजधानी घोषित करना चाहिए। इसके अलावा पहाड़ी जिलों में सरकारी अस्पतालों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि मरीजों को उचित इलाज वहीं मिल सके। साथ ही हर ग्राम सभा तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज की जाए और शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य निर्माण के बाद अब तक नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए, और उत्तराखंड को शराब मुक्त राज्य बनाने के साथ-साथ सरकारी विभागों में पल रहे भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया जाए। इसके साथ ही नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। रक्तदान शिविर में कमल जोशी, ज्योत्सना पांडे, पुष्पा बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, हेम पाठक, मोहन पाठक, ेला कांडपाल, संजय कांडपाल, सनी नेगी, अजय कुमार, राजेश बिष्ट, नीरज, भुवन चंद जोशी, पूरन चंद जोशी, जसविंदर भसीन, संतोष कुमार, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, ललित जोशी, हेमंत बगडवाल, जगमोहन चिलवाल, राजेंद्र खनवाल, केदार ईशाक, कमल मेहरा, डा. प्राची थपलियाल, सरिता रावत, गोविंद रावत, पुष्कर जीना, हरीश जोशी, दीपक कुमार मौजूद रहे।



### संस्कृत महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं रजत जयंती के अवसर पर श्री महादेव गिरि संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय, देवलचौड़ में भव्य गीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक संस्कृत डा.यशोदा प्रसाद सेमल्टी ने छात्रों को रजत जंयती की बधाई देते हुए कहा हम देवभूमि उत्तराखंड में रजत जयन्ती समारोह मना रहे हैं। यह भूमि देवताओं की है और यहां से संस्कृत भाषा की गंगा प्रवाहित हुई। हमें अपनी संस्कृति की रक्षा करते हुए देवभूमि के विकास में भी योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.कृष्ण चन्द्र जोशी ने कहा उत्तराखंड राज्य का गठन अनेक संघर्षों और कठिनाइयों के बाद संभव हुआ। आज का दिन उन संघर्षशील व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताहभर विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें छात्रों की प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुंदन सिंह डसीला और शुभम काला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक पंचरत्न के पात्रों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डा. नवीन जोशी, डा. चन्द्र बल्लभ बेलवाल, डा. राजेश कुमार जोशी, डा. कैलाश चन्द सनवाल, आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी, डा. राकेश गुणवंत, कंचन जोशी, राकेश पंत, राकेश पांडे आदि मौजूद रहे।



### सरकारों ने सपनों को कुचला: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवाबी रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में पहाड़ी आर्मी द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 25 वर्षों में उत्तराखंड कहां और क्यों? विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में उत्तराखंड राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में 96 वर्षीय सूबेदार मेजर चामू सिंह, सूबेदार लक्ष्मण प्रकाश मेहता, गौ रक्षा मंच के अध्यक्ष विशंभर दत्त पांडे, फौजी कमलेश जेठी, समाजसेवी लाल सिंह रावत, भुवनेश्वरी जोशी, गिरीश जोशी, पत्रकार जगमोहन रौतेला और समाजसेवी सरोज बिष्ट शामिल थे। वक्ताओं ने आगामी भविष्य को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए पहाड़ी हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने 25 वर्षों के दौरान राज्य सरकारों की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में न तो विकास हुआ है और न ही लोगों के सपनों को पूरा किया गया है। इस मौके पर हिमांशु शर्मा, राजेंद्र कांडपाल, भुवन पांडे, दीपा पांडे, बबीता जोशी, नीमा भट्ट, गीता बिष्ट, हरेंद्र राणा, कंचन रौतेला, रमा पांडे, दीपक गोस्वामी, हर्षित जोशी, पवन ज्याला, शंकर दत्त, दीपा आर्य, सरोज बिष्ट, भावना तिवारी, गीता थगुना, लीला भंडारी, पुष्पा संभल, पूजा संभल, सरोज बिष्ट, भुवनेश्वरी जोशी, दीपा आर्या, दीपा चौहान आदि मौजूद रहे।



## नशेड़ियों के उत्पात से लोग परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशेड़ियों से आए दिन परेशान ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने रविवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और सार्वजनिक जगहों पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेताया कि अगर शीघ्र ही नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवााई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। रविवार को समाजसेवी मन्नू गोस्वाामी के नेतृत्व में वार्ड-37 के दर्जनों लोग एकत्र हुए और नशेड़ियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के पास स्थित जंगल के किनारे कुछ लोग कमेटिया बरसाती नाले के पास बैठकर स्मैक, चरस और शराब का सेवन करते हैं और सार्वजनिक जगहों पर अराजकता फैलाते हैं। इन नशेड़ियों की गतिविधियाँ दिन-रात जारी रहती हैं और जब स्थानीय लोग विरोध करते हैं, तो नशेड़ी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं और गाली-गलौज करते हैं। इतना ही नहीं नशेड़ियों द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ भी करते है। कुछ माह पहले इसी इलाके में एक मानव कंकाल भी मिला था, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय पुलिस ने इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नशेड़ियों ने पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया है। रात 12 बजे तक ये लोग खुलेआम नशा करते हैं और अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी-चकारी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। ग्रामीणों ने नशेड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में मन्नू गोस्वामी, मनोज टम्टा, वीरेंद्र कुमार टम्टा, यशपाल टम्टा, दीपा गोस्वामी, किशन राम कोहली, सागर टम्टा, जीवन्ती देवी, हेमा देवी, गीता देवी, बसंती देवी, सरिता टम्टा, ममता टम्टा, मोहनी देवी, प्रभा कृष्णा देवी, राजू मौर्या रहे।



### एसटीएच में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में विविध प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी तथा कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डा. साधना अवस्थी ने मधुर कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के दौरान गायन, लेखन, पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, डा. आरजी नौटियाल, डा. केसी पाण्डेय, डा. साधना अवस्थी, डा. रितु रखोलिया, डा. हरिशंकर पांडे, डा. अतुल सक्सेना, हरिमोहन उपाध्याय, रवि पाल, हिमांशु वार्ष्णेय सहित कॉलेज के अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## डीके स्पोर्ट्स की शानदार जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें मैच में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन डीके स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने 213 रनों पर आल आउट हो गयी।

213 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम अपनी पहली पारी में 170 रन ही बना सकी। डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में हार्दिकराज के 102, तेजस बिष्ट के 60 और देवांग नेगी के 44 रनों की मदद से 285 रन बनाये। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कृष रावत ने 3 और वंश रावत ने 2 विकेट लिए। अपनी दूसरी पारी में 328 रनों का लक्ष्य पूरा करने कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम 122 रनों पर आल आउट हो गई, और डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने मैच 206 रनों से जीतकर पूरे 2 अंक हासिल किए। मैन ऑफ-द मैच डीके स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी अनामय पाण्डे के नाम रहा। मैच के अंपायर गौरव नेगी और सार्थक शर्मा रहे जबकि स्कोरर की भूमिका रवि सिंह ने निभाई। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन वरिष्ठ क्रिकेटर विजय आर्या ने दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, सचिन बेलवाल, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, सोनू आर्या, प्रकाश भगत मौजूद रहे।




### कृषि चौपाल का आयोजन

**हल्द्वानी।** कृषि विज्ञान केंद्र, ज्योलिकोट में रविवार को एक कृषि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें 11वें एपिसोड के तहत पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक खेती विषय पर लाइव टेलीकास्ट प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता और विभिन्न प्राकृतिक खादों के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक और प्राकृतिक खेती की नोडल ऑफिसर ने कृषकों को बीजमृत, जीवामृत, घनजीवमृत, और प्राकृतिक कीटनाशी जैसे निर्मास्त्र और आग्नेयास्त्र बनाने की विधियां बताईं। डा. दीपाली ने सब्जियों में प्राकृतिक खाद के प्रयोग की महत्वता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के महिपाल लोहनी, गोविंदी और सुमित ने भी योगदान दिया। डांगर, सरियातल, गेठिया, चोपड़ा, और ज्योलिकोट के 36 किसानों ने भाग लिया। चौपड़ा की प्राकृतिक खेती की कृषि सखी लीला जीना, सरपंच कमलेश जीना कार्यक्रम में रहे।

## गतका एथलीटों ने जीते 8 पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के गतका एथलीटों ने बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित दूसरे नेशनल कल्चरल पिथियन गेम्स-2025 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए देवभूमि का नाम रोशन किया है। राज्य के 7 खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर कुल 8 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य) जीतकर शानदार सफलता हासिल की।

यह प्रतियोगिता 7 से 9 नवंबर तक कर्नाटक के बेंगलुरु सिटी विश्वविद्यालय परिसर में स्थित जीकेवीके, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज में आयोजित की गई। उत्तराखंड के गतका महासचिव सरदार हरप्रीत सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने इससे पहले 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में 23 पदक जीतकर पिथियन गेम्स 2025 में अपनी जगह बनाई थी। सरदार हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस शानदार प्रदर्शन के बल पर उत्तराखंड के गतका एथलीट अब भविष्य में रूस में होने वाले इंटरनेशनल पिथियन गेम्स में इंडियन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह उपलब्धि उत्तराखंड के पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार, खेल संगठनों और उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल, अकाल अकादमी तेलिपुरा की प्रिंसिपल डा. सुखजीत कौर, दसमेश के प्रिंसिपल संदीप सलारिया, मिरी पिरी अफगालगढ़ की प्रिंसिपल मनप्रीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह किन्दा, ओलंपिक एसोसिएशन के डा. डीके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अमला की बेस्ट-11 लिस्ट में बड़ा ट्विस्ट



● **भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम वनडे प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने कई दिग्गजों को जगह दी है। हालांकि, अमला ने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान हैं। वहीं, दूसरी तरफ टी-20 फार्मेट की बात आने पर अमला ने रोहित को अपना नंबर-1 खिलाड़ी बताया है। एक पाडकास्ट पर बातचीत के दौरान अमला ने अपनी वनडे इलेवन का खुलासा किया। उन्होंने ओपनिंग जोड़ी के रूप में सचिन तेंदुलकर और एडम गिलक्रिस्ट का चयन किया। तीसरे नंबर पर विराट कोहली, जबकि चौथे पर ब्रायन लारा को रखा गया। अमला के मुताबिक, कोहली की निरंतरता और लारा की क्लास दोनों उन्हें इस सूची में अनिवार्य बनाते हैं।श पांचवें नंबर पर उन्होंने अपने साथी और मित्र एबी डिविलियर्स को रखा। वहीं, जैक कैलिस को नंबर छह और महेंद्र सिंह धोनी को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में सातवें नंबर पर जगह दी। गेंदबाजी विभाग में अमला ने दो महान स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और शेन वार्न को शामिल किया। तेज गेंदबाजी के लिए उन्होंने वसीम अकरम और डेल स्टेन को चुना। अमला की वनडे इलेवन इस प्रकार है: सचिन तेंदुलकर, गिलक्रिस्ट, कोहली, लारा, एबी डिविलियर्स, जैक कैलिस, एमएस धोनी कि शेन वार्न, मुथैया मुरलीधरन, वसीम अकरम, डेल स्टेन। सबसे हैरानी की बात यह रही कि अमला ने रोहित शर्मा को इस टीम में शामिल नहीं किया। रोहित वनडे इतिहास में तीन दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं और उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (264 रन) भी दर्ज है। हालांकि, वनडे में रोहित को बाहर करने वाले अमला ने टी-20 क्रिकेट में रोहित की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि रोहित अब भी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्हें खेलते देखना एक खुशी की बात है। उनके शाट्स में सहजता और क्लास है। रोहित शर्मा ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। उनके बाद विराट कोहली ने भी टी-20 क्रिकेट को अलविदा कहा। टी-20 के लिए अमला ने तीन पसंदीदा बल्लेबाजों के नाम बताए। उन्होंने रोहित शर्मा, क्लासेन (दक्षिण अफ्रीका) और सूर्यकुमार यादव (भारत) के नाम लिए। अमला ने सूर्या की 360 डिग्री बल्लेबाजी और क्लासेन की पावर-हिटिंग की भी जमकर तारीफ की।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने विंडीज को नौ रनों से हराया

**नेल्सन, वार्ता।** डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12-3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

### पाक ने द. अफ्रीका को हराया और सीरीज भी जीती

**फैसलाबाद, वार्ता।** अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका को 37-5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25-1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर (27) रनआउट हुए।

# श्रीमंत झा ने हंगरी पैरा आर्म रेसलिंग वर्ल्ड कप में जीता सिल्वर

● **श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के गौरव श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हंगरी के रेप्सेलक शहर में आयोजित हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने रोमांचक मुकाबले में हंगरी के जानोस नागी को हराकर फाइनल में स्थान बनाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।उन्होंने कहा कि मेरी हर जीत देश के उन वीर जवानों के लिए है जिन्होंने अपनी जान देश की सुरक्षा में न्योछावर की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं। हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रेप्सेलक शहर में हुआ। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने अपनी ताकत, तकनीक और धैर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन पैरा-आर्म रेसलर हैं। अब तक उन्होंने भारत के लिए 60 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतकर नयाइतिहास रचा।

# आकाश ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे



● **11 बॉल में फास्टेस्ट फिफ्टी बनाई, युवराज सिंह शास्त्री का रिकॉर्ड तोड़ा, रणजी में रचा इतिहास**

**सूरत, वार्ता।** लगातार 6 छक्कों के रिकॉर्ड के बारे में आपने सुना ही होगा। 2008 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्डकप में लगाए थे। रवि शास्त्री भी रणजी ट्राफी में लगा चुके हैं। अब एक नया रिकॉर्ड बना है। सिर्फ ओवर में छह छक्के नहीं लगे। ओवर समेत आठ गेंदों पर लगातार आठ छक्के मारे गए। क्रिकेट के इतिहास का यह बड़ा रिकॉर्ड रविवार को सूरत में रणजी ट्राफी के मैच में बना। यह कारनामा किया है मेघालय के बल्लेबाज आकाश कुमार चौधरी ने।

25 साल के आकाश ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 14 बाल पर नाबाद 50 रनों की पारी खेली। इसी के साथ वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज 11 बाल पर अर्द्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। आकाश ने इंग्लैंड के वेन नाइट के 12 बाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। फर्स्ट क्लास में सबसे तेज फिफ्टी आकाश चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया है। इससे सबसे तेज फर्स्ट-क्लास अर्द्धशतक का रिकॉर्ड इंग्लिश काउंटी क्रिकेट टीम लीसेस्टरशायर के वेन नाइट के नाम था, जिन्होंने 2012 में 12 गेंदों पर 50 रन बनाए थे। श्रीलंका के क्लाइव इनमैन ने 1965 में 13 गेंदों पर अर्द्धशतक जमाया था। समय के लिहाज से वे सबसे तेज फिफ्टी लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। आकाश ने 9 मिनट में यह अर्द्धशतक बनाया, जबकि इनमैन ने सिर्फ 8 मिनट में 50 रन पूरे किए थे। 6 बाल पर 6 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी आकाश फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार 6 बाल पर 6 सिक्स लगाने वाले तीसरे ही प्लेयर बने। सबसे पहले गैरी सोबर्स ने 1968 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के मारे थे। उन्होंने यह कारनामा ग्लैमरगन और नाटिंघमशायर के बीच मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में किया था। फिर 1984-85 में रवि शास्त्री ने यह कारनामा किया। स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे। उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ से बहस के बाद स्टुअर्ट ब्राड के ओवर की लगातार 6 बाल पर 6 छक्के जड़े थे।

### सबालेंका को हराकर एलेना रयबाकिना ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

**रियाद, वार्ता।** विश्व की नवम्बर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की आखिरी प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत है। 2022 की विबलडन चैंपियन रयबाकिना का अपने करियर का यह दूसरा सबसे बड़ा खिताब हैं। शनिवार रात खेले गए एकल वर्ग के फाइनल में कड़े मुकाबले में एलेना ने बेलारुस की सबालेंका को 6-3, 7-6 से हराकर चैंपियन बनी। यह कजाकिस्तान की दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी रयबाकिना की सीजन के आखिर में लगातार 11वीं जीत है। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय हफ्ता रहा है। उन्होंने फाइनल में अपनी सर्विस पर मिले सभी पांच ब्रेक पॉइंट्स बचाए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस तरह के किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी। इतनी दूर तक जाना, यह बस अविश्वसनीय है। ये बेहद कड़ा मुकाबला था।

# बड़े बदलाव की तैयारी! संजू के बदले जडेजा



● **जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपयें के खिलाड़ी और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन - एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौड़ी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है। लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। क्रिकबज ने 7 नवम्बर को इस संभावना के बारे में बताया था। जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपए के खिलाड़ी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर जोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बड़ी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है। सितम्बर में दक्षिण अफ्रीका 20 नीलामी में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने भी उन्हें रिकॉर्ड बोली में शामिल किया था, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की सहायक कंपनी जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स विजई बोली से पहले ही पीछे हट गई थी। क्रिकबज द्वारा पिछले कुछ दिनों में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स के ब्रिटेन स्थित प्रमुख मालिक मनोज बडाले, जो वर्तमान में मुंबई में हैं, उनकी बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, पता चला है कि चेन्नई सुपर किंग्स अपने रुख पर अडिग है - उनका इस सौदे में किसी और खिलाड़ी को शामिल करने का कोई इरादा नहीं है, ब्रेविस की तो बात ही छोड़ दें। सीएसके की ओर से ऐसा माना जा रहा है कि जडेजा, जो इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं, को छोड़ना अपने आप में एक बड़ा खुलासा है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने व्यापार वार्ता शुरू करने से पहले 36 वर्षीय अनुभवी ऑलराउंडर से सलाह-मशविरा किया है। फ़िलहाल, स्थिति यह है कि गेंद राजस्थान रॉयल्स के पाले में है। सनराइजर्स के सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद की टीम सैमसन को लेकर जडादा उत्साहित नहीं है।

# भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल हुई दीप्ति शर्मा

**उज्जैन, वार्ता।** हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने रविवार तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने आरती के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि व टीम इंडिया की सफलता के लिए बाबा महाकाल का धन्यवाद किया। दीप्ति शर्मा प्रातःकाल मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धाभाव से दर्शन किए। आरती के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने भारतीय टीम की खिलाड़ी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दर्शन उपरांत मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एसएन सोनी ने दीप्ति शर्मा का स्वागत एवं सत्कार किया। उन्हें भगवान महाकालेश्वर का प्रसाद, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में विश्व कप जीतकर देश का मान बढ़ाया है, और यह देश के लिए गर्व की बात है कि टीम की सदस्य महाकाल बाबा के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचीं। दीप्ति शर्मा ने भी महाकाल मंदिर के दर्शन को अपने जीवन का विशेष अनुभव बताया और कहा कि यहां आकर उन्हें अपार ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल से उन्होंने भारतीय टीम की निरंतर सफलता और देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की है।

### टीम 'ड्राइव स्क्वाड' ने पहले दिन जीता सम्मान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम ड्राइव स्क्वाड ने कुतुब गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण के पहले दिन 22-5 अंकों के साथ बढ़त हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। यह लीग शनिवार को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ कोर्स, क्यूजीसी में शुरू हुई। सभी लड़कियों की टीम 'चार्लीज एंजल्स' 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि टीम 'आइकन्स' 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। गत विजेता 'स्विंगिग शेर्स' कुल 13-5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। 'ड्राइव स्क्वाड' टीम के लिए, भव्य मान, अमित व ध्रुव की तिकड़ी ने 2-5-2-5 अंक हासिल किए।



### लियोनल मेसी ने इंटर मियामी को कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मियामी, वार्ता।** लियोनेल मेसी और तादेओ अलेंदे के दो-दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को अपने प्लेऑफ सीरीज के निर्णायक मैच में नैशविले को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी ने 10वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई जब उन्होंने 20 गज की दूरी से ड्रिबल किया और फिर पेनल्टी एरिया के किनारे से गोल दागा। मेसी ने माटेओ सिल्वेटी के शॉट के बाद 18 गज की दूरी से साइड-फुटिग कर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम ने अलेंदे की मदद से स्कोर 3-0 कर दिया, जिन्होंने जोर्डी अल्बा के कट-बैक के बाद गोलकीपर जो विलिस को छकाते हुए पहला प्रयास किया। सेल्टा विगो के लोन पर आए अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर विलिस के ऊपर से शॉट मारकर टीम को जीत दिलाई। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

# विश्व चैंपियन गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में भिड़ेंगे

● **हरिकृषणा ने बेल्जियम के ग्रैंड मास्टर डेनियल के खिलाफ एक ड्रा खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**




**पणजी, वार्ता।** ग्रैंडमास्टर आर-प्रज्ञानंदा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी-हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंदा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफ़ेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। इसके तुरंत बाद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और विश्व जूनियर चैंपियन ग्रैंडमास्टर प्रणव वी भी उनके साथ आ गए, जिन्होंने भी काले मोहरों से खेलते हुए जोखिम नहीं उठाया और अंक बांट लिए। प्रतियोगिता में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी अनीश, ग्रैंडमास्टर अलेक्जेंडर के खिलाफ काले मोहरों से 47 चालों में दूसरा गेम हारने के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियन गुकेश - फ्रेडरिक स्वेन के खिलाफ तीसरे दौर का मैच हार गए। काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ होने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में जीत की कोशिश की, लेकिन स्वेन न केवल समय के दबाव से उबरने में कामयाब रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर शहर से देहात तक कार्यक्रमों की धूम

## बीएसएम में हर्षोल्लास से मनाई गई राज्य रजत जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम इंटर कॉलेज रुड़की में आज उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती को बड़े हर्षोल्लास एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक परम श्रध्येय ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवम विशिष्ट अतिथि बी. एस. एम शिक्षण संस्थान के सचिव माननीय रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावकों ने भी पधारकर कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवम विशिष्ट अतिथि संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने कहा कि उत्तराखंड का गठन एक लंबे आंदोलन का परिणाम था, उन्होंने उत्तराखंड के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तराखंड के गठन में मुख्य भूमिका 1990 के दशक की सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना, बेरोजगारी, शिक्षा-स्वास्थ्य के अभाव और क्षेत्रीय अलगाव ने निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की स्थापना को आज



25 वर्ष हो चुके हैं। आज हम उत्तराखंड के स्थापना दिवस की रजत जयंती को मना रहे हैं। उत्तराखंड की स्थापना इसके लोगों के लंबे संघर्ष और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक द्वारा समस्त स्टाफ एवम छात्रों को इस अवसर पर शपथ दिलायी गई कि हम सब अपने राज्य को सशक्त, सुदृढ़ और सुन्दर बनाने में सदैव अपनी अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करेंगे। एक जिम्मेदार नागरिक बन कर अपने प्रदेश को शीर्ष तक पहुँचाने में अपना योगदान प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर 1 नवंबर 2025 को छात्रों द्वारा क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर अभय ढौंडियाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अमित कपिल, प्रमोद कुमार शर्मा, डी. एन पांडेय, संगीता गौड़, अखिलेश मोहन शर्मा, नीरज कुमार वर्मा, विनय कुमार वर्मा, विशाल कुमार शर्मा, विकास गौतम, शैलेंद्र पन्त, मोहित कुमार, पवन कुमार कपिल आदि मौजूद रहे।

## एमआई इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**❖मंगलौर चेयरमैन व उत्तराखंड बोर्ड के सचिव ने छात्रों को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर के मोहल्ला पठानपुरा स्थित एम. आई. इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मोहिउद्दीन अंसारी, माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंगलौर मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में उत्तराखंड बोर्ड रामनगर नैनीताल के सचिव श्री विनोद प्रसाद सिमल्टी जी एवं मोहन नैनवाल रमेश तिवारी जी, उत्तराखंड बोर्ड प्रबंध अनुभाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए गये। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों



को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ व विद्यालय प्रबंधक मौलाना सिब्ते हसन सहित नगर पालिका परिषद मंगलौर के अवर अभियंता श्री सुभाष चन्द्र एवं सफाई निरीक्षक श्री जसवीर एवं अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में उत्तराखंड की 25वीं सालगिरह पर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के उपलक्ष में आज दिनांक 9 नवंबर 2025 को बड़ी धूमधाम के साथ राजकीय महाविद्यालय मंगलौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तृतीय स्थान महक एवं शिबली द्वितीय स्थान पूजा एवं वर्षा प्रथम स्थान पर संजना रही। मंच का संचालन इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर अनुराग ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग प्राध्यापक डॉ रचना ने बताया कि किस प्रकार उत्तराखंड राज्य उत्तर प्रदेश राज्य से अलग होने पर अपने अस्तित्व



को तलाशते हुए निरंतर प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है। संगीत विभाग की विभाग अध्यक्ष कालिका ने बताया कि उत्तराखंड राज्य की लोक संस्कृति एवं इसके लोक संगीत को बहुत बड़े-बड़े कलाकारों ने देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन किया है। प्राचार्य महोदय के संबोधन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉक्टरनिविधया, श्रीमती गीता जोशी,निजेश कुमारी,सुनील कुमार जी, फैजान, सूर्य, रोहित, जगपाल इत्यादि उपस्थित रहे।

## राउमावि सालियर में रजत जयंती की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालियर में आज उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने राज्य गीत, लोकधुनों और पहाड़ी संस्कृति से जुड़े गीतों के माध्यम से वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

इस अवसर पर निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौंदर्य, लोकसंस्कृति, संघर्ष और विकास-यात्रा को अपनी रचनाओं में सुंदरता से उकेरा। कार्यक्रम में अमजद अली, सलीम अहमद, अर्चना सैनी, यामिनी नागर, राकेश कुमार तथा प्रधानाध्यापक रविन्द्र ममगाई सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानाध्यापक रविन्द्र ममगाई ने विद्यार्थियों को उत्तराखण्ड के इतिहास, राज्य आंदोलन की संघर्षगाथा और पिछले 25 वर्षों के विकास के बारे में प्रभावशाली रूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड आंदोलन सामूहिक जनसहभागिता का सशक्त उदाहरण है, जिसने राज्य को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, पर्यटन और तकनीकी प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

## रुड़की डायट में राज्य स्थापना दिवस पर आंदोलनकारियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की स्थित डायट परिसर में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती बड़े ही समारोहपूर्वक, गरिमामयी वातावरण में तथा उत्साह से परिपूर्ण माहौल के बीच मनाई गई। विद्यालय प्रांगण इस अवसर पर देशभक्ति, पर्वतीय संस्कृति और राज्य आंदोलन की स्मृतियों से भावनात्मक रूप से सराबोर दिखाई दिया। रजत जयंती के इस विशेष अवसर पर आयोजित समारोह में राज्य निर्माण में योगदान देने वाले उत्तराखण्ड आन्दोलन कारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आन्दोलनकारी रविन्द्र ममगाई, कमला बमोला, चक्रपाणि श्रीयाल और एस. के. शर्मा को उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन में उनके बहुमूल्य योगदान, संघर्ष और सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करते समय



सभी आंदोलनकारियों के चेहरों पर गर्व और भावुक संतोष झलक रहा था। उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य कैलाश डंगवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखण्ड आंदोलन सामूहिक चेतना, जनसहभागिता और संघर्ष का ऐसा उदाहरण है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। समारोह का कुशल संचालन डॉ. राजीव आर्य ने अपनी प्रभावशाली शैली में किया। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र वालिया, डॉ. अनीता नेगी, सरस्वती पुंडीर, मधु, जनक, शशी चौहान, सुनीता, मोनू, पवन, सहित कई शिक्षक, कर्मचारी एवं शिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## किसान हित में गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए : शहजाद

**❖लक्सर विधायक ने मुख्यमंत्री से की गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि किसानों के हित में मूल्य ₹425 किया जाए ताकि किसानों की हालत सुधर सके और किसान खेती के जरिए अपना पेट पाल सके।



लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया कि गन्ना पेराई शस्त्र शुरू हो गया है लेकिन उत्तराखंड सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। उन्होंने कहा सरकार को चाहिए कि उत्तर प्रदेश से रूपये 10 लगभग रेट ज्यादा उत्तराखंड के किसानों को दिया जाता था इस बार अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार ने रूपये 400 प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है और हरियाणा सरकार ने 415 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के साथ किसी भी किस्म का भेदभाव नहीं होना चाहिए क्योंकि जो गन्ना मूल्य है वह जल्द घोषित कर देना चाहिए। क्योंकि किसान अन्नदाता है किसान परेशानियां उठाकरअपने साथ हमारे भी पेट भरता है। शहजाद विधायक ने कहा कि ज्यादा बरसात की वजह से किसानों को भारी नुकसान हो गया था और उन्हें अपने गेहूं सरसों आदि की फसल को भी उगाना है। इसीलिए सरकार को उत्तराखंड में 425 रुपए कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करना चाहिए जिससे किसान को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार को किसान हित में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने गन्ना मूल्य बढ़ाकर किसानों के हित में सरकार को किसानों का भला करने की पहल करनी चाहिए क्योंकि आपदा से किसान बेहाल है और किसानों ने आपदा से बहुत नुकसान झेला है इसलिए सरकार किसान हितों की रक्षा के लिए गन्ने का मूल्य हरियाणा व उत्तर प्रदेश से ज्यादा जल्द घोषित करें।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार चेतक कांस्टेबल व अजय बिष्ट होमगार्ड मेघराज के देखरेख क्षेत्र शांति एवं कानून व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम अंदर इलाका थाना हाजा क्षेत्र में रवाना थे, जब हम कर्मचारी गण गस्त करते हुए गीतांजलि विहार गणेशपुर में पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति शिवम वर्मा पुत्र संजय वर्मा निवासी गीतांजलि विहार गणेशपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार आने जाने वाले लोगों पर आमदा फसाद हो रहा था जिसे हम पुलिस कर्मचारी गणों द्वारा काफी समझाया गया किंतु नहीं माना और उत्तेजित होने लगा। शांति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए धारा 170 से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त शिवम वर्मा उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तार अभि0-शिवम वर्मा पुत्र संजय वर्मा निवासी गीतांजलि विहार गणेशपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष है।

## उत्तराखंड का 25वां राज्य स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** लाठर देवा हूण (नारसन) गांव के उत्तराखंड की 25वीं स्थापना दिवस के पूर्व संध्या एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष मे भव्य आयोजन उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय लाठर देवा हूण के प्रांगण में स्वच्छता दिवस, 200 मीटर दौड़ एवं योग का विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया एवं अंत में झबरेड़ा के ऊर्जावान विधायक वीरेंद्र जाती द्वारा पुरस्कृत किया गया।

बालिका 200 मीटर में प्रथम स्थान चिंकी, दूसरा स्थान शिवानी एवं तीसरा स्थान रिया ने प्राप्त किया वहीं बालक 200 मीटर में प्रियांशु ने प्रथम अर्श ने तृतीय एवं रितिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरिद्वार जिले के कबड्डी बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राओं चिंकी, शिवानी, प्रियांशी एवं जानवी को झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साह वध न किया एवं स्वच्छता अभियान में भी भाग लेकर सभी का उत्साहवर्धन किया। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड के 25वीं स्थापना दिवस पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं स्वच्छता प्रतियोगिता में विजेता को प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत चित्रकला में कुरान, पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण निबंध प्रतियोगिता में वरुण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं स्वच्छता आयोजन में (आयरन, गिरी, सिद्धार्थ) सफाई दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर पीएम श्री प्रभारी विपुल सालार, (ग्राम प्रधान ममता) प्रतिनिधि अशोक चौधरी, अरविंद सिंह, सुरेश प्रसाद, एसके राठौर, सतीश चंद्र, सुरेश चंद्र, सूरजभान, राकेश शर्मा, अब्दुल रहमान एवं आलोक द्विवेदी समेत गांव के सम्मानित नागरिकों नेउपस्थित होकर 25 वा उत्तराखंड स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया।

## स्कूलों के बाहर पटाखे छुड़ाती चार मोटर साइकिल सीज

**मंगलौर।** स्कूलों के बाहर पटाखे छुड़ाती, बिना नंबर प्लेट लहराती 4 मोटर साइकिल नारसन पुलिस ने सीज कर दी। इसके साथ ही पुलिस ने ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम किया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्कूल कॉलेज के बाहर अनावश्यक घूमते युवकों की चेकिंग/सत्यापन अभियान के क्रम में मंगलौर पुलिस चौकी प्रभारी गुरुकुल नारसन द्वारा पुलिस टीम ने गश्त और वाहन जांच के दौरान चार मोटरसाइकिलें जब्त की हैं,जो कि बिना नंबर प्लेट: जब्त की गई सभी गाड़ियों पर वैध पंजीकरण प्लेट (नंबर प्लेट) नहीं लगी हुई थी, जो मोटर वाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके साथ ही कई वाहनों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर (।जिमतउंतामज/स्वनक पसमदब. मते) लगाए गए थे, जो ध्वनि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करते हैं । पुलिस के अनुसार अक्सर आपराधिक गतिविधियों में वाहनों की पहचान छिपाने के लिए बिना नंबर प्लेट वाहन उपयोग किए जाते हैं। पुलिस ने जब्त की गई मोटरसाइकिलों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं में सीज कर दिया है, कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## लक्सर पुलिस ने अवैध खनन में दो वाहन किए सीज

**लक्सर।** पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करते हुए दो वाहनों को ओवरलोड एवं अवैध खनन में सीज किया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार में अवैध खनन ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए समस्त थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था जिसमें लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो वाहनों को पकड़ लिया गया जिम एक ट्रक संबंधित नंबर का एक ट्रैक्टर ट्राली संबंधित नंबर का था उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत महिला उप निरीक्षक प्रियंका नेगी कांस्टेबल अरुण चौहान कपिल अनिल वर्मा शामिल रहे उन्होंने यह भी कहा कि लक्सर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन ओवरलोड किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आमजन से भी अपील की है कहीं अगर अवैध खनन हो रहा हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे जिससे वक्त रहते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## राउप्रावि व जूनियर हाईस्कूल में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** राज्य की रजत जयंती के शुभ अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल भगवानपुर में 25 वा रजत जयंती राज्य स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया है और प्रोग्राम कोश्रीमती विनीता गुप्ता सहायक अध्यापक के द्वारा तैयार किया गया तथा प्रोग्राम को भी इन्हीं के द्वारा तैयार किया गया स्कूल के प्रांगण में यह आज का दिन उत्सव के रूप में मनाया गया तथा बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किए गए श्रीमती विनीता गुप्ता के द्वारा तैयार किया गया प्रोग्राम जिसमें उनके द्वारा स्वयं भी डांस नृत्य एवं गणेश जी राधा कृष्ण जी आदि की झांकी भी निकली प्रदर्शित हुई इस प्रोग्राम को उपस्थित जानऊके द्वारा सभी ने बहुत ही सराह।गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी श्री अभिषेक शुक्ला जी हेड अध्यापक श्री नकली राम जी सहायक अध्यापक श्रीमती हेमलता श्रीमती अमिता श्री महिपाल तथा विद्यार्थियों के अभिभावक गण मौजूद रहे तथा अंत में मिष्ठान भी वितरण किया गया।

### राज्य स्थापना दिवस पर दैनिक रुड़की ने किया क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

## अजय पहले, हरीश दूसरे व आकाश रहे तीसरे स्थान पर

**❖सैकड़ों धावकों ने दौड़ लगाकर दिखाया दमखम, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट व महापौर ने हरी झंडी देकर किया रवाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर दैनिक रुड़की की ओर से छठी क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

दैनिक रुड़की वेब चैनल की ओर से आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, मेयर अनीता अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तराखंड एवं उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दो सौ धावकों ने पूरे दमखम के साथ दौड़ शुरू की और मेहवड़ पुल होते हुए सोलानी पार्क गेट पर सम्पन्न हुई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सभी धावकों और कार्यक्रम संयोजकों को शुभकामनाएं दी। दौड़ में प्रथम स्थान पर अजय कुमार सहारनपुर, द्वितीय स्थान पर हरीश सहारनपुर, तृतीय स्थान पर आकाश, चतुर्थ पर निखिल देवबंद,पंचम




स्थान पर सागर पाल,छठे स्थान पर दीपक, सातवें स्थान पर सतेंद्र रावत,आठवें स्थान पर रितिक मौर्य,नवमे स्थान पर सुमित एवं दसवें स्थान पर शिवम रहे। मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा प्रदेश स्थापना की रजत जयंती मना रहा है ऐसे में दैनिक रुड़की द्वारा किया गया यह आयोजन भी प्रदेश के युवाओं को एक नई दिशा देने का काम करेगा। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि दैनिक रुड़की के द्वारा एथलीट्स युवाओं को एक बड़ा मंच दिया गया है जो की सराहनीय कदम है,उन्होंने कहा कि युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ रहने के साथ राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें। आचार्य रजनीश शास्त्री ने सभी युवाओं को आशीर्वाद देते हुए सही दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अडानी ग्रुप, रोटरी क्लब इंटरनेशनल,समर्पण जन कल्याण संगठन,ग्रीन एवंन्यू एटुजेड ऑटोमोबाइल्स, सिंह ऑटोमोबाइल्स, गोल्ड प्लस ग्लास आदि संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन समर्पण अध्यक्ष नरेश यादव एवं वरिष्ठ खेल शिक्षक हरेंद्र आर्य ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में डॉ. अर्पित सैनी शुभम सैनी एवं उनकी टीम, माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, रोटरी के डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा,



डॉक्टर सौरभ गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा, अमन गोयल, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री चौधरी धीर सिंह रोड, यूथ कांग्रेस महासचिव प्रणय प्रताप, आचार्य रजनीश शास्त्री, आचार्य रमेश सेमवाल, हर्ष प्रकाश काला, इंदर बधान, सुभाष सरीन, प्रमोद भटनागर, तेजसिंह राणा, प्रदीप पाल, प्रदीप गोयल, दीपक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 10 नवम्बर 2025

# वायु सेना का अदम्य साहस

रविवार को भारतीय वायुसेना ने अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर देश की वायुसेना की ताकत देखने को मिली। ब्रह्मपुत्र नदी पर राफेल, सुखोई और तेजस ने 75 विमानों के साथ 25 अद्भुत कारनामे दिखाए। इस समारोह के लिए गुवाहाटी को चुना गया था, जहां विमानों की गर्जना से आसमान ने स्वागत किया, तो ब्रह्मपुत्र नदी का पानी कलरव करने लगा। वायुसेना ने यहां अदम्य साहस का परिचय दिया। अक्टूबर 2025 में आए एक वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट (डब्ल्यूडीएमएमए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अब अमेरिका और रूस के बाद दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बन गई है। भारत ने वायुसेना की ताकत के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। गुवाहाटी एयर शो का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की सैन्य सक्षमता, फुर्ती और रणनीतिक ताकत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर भी प्रदान करता है। वायुसेना ने इस मौके पर लोगों को एयर डिफेंस, आधुनिक लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों की क्षमता के बारे में जानकारी दी। दर्शकों ने राफेल और सुखोई जैसे एडवांस्ड लड़ाकू विमानों की तेज और सटीक उड़ान का लाइव अनुभव किया। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की उच्च तकनीकी क्षमता, युद्धक कौशल और सटीकता का प्रतीक बना। आजादी के बाद से ही भारतीय वायुसेना पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ चार युद्धों व चीन के साथ एक युद्ध में अपना योगदान दे चुकी है। अब तक इसने कई बड़े मिशनों को अंजाम दिया है जिनमें ऑपरेशन विजय - गोवा का अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस व ऑपरेशन पुमलाई शामिल है। ऐसें कई विवादों के अलावा भारतीय वायुसेना संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का भी सक्रिय हिसा रही है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के कमांडर इन चीफ के रूप में कार्य करते है। भारतीय वायु सेना में किसी भी समय एक से अधिक एयर चीफ मार्शल सेवा में कभी नहीं होते। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है एवं 2006 के आंकड़ों के अनुसार इसमें कुल मिलाकर 170,000 जवान एवं 1,350 लड़ाकू विमान हैं, जो इसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना होने का दर्जा दिलाती है। दुनिया में एक से बढ़कर एक हथियार बन चुके हैं। हालांकि फाइटर जेट किसी भी युद्ध की दशा और दिशा बदलने की ताकत रखते हैं। जिस देश के पास जितना शक्तिशाली फाइटर जेट, वो देश उतना ही शक्तिशाली। भारत खुद का तेजस बना चुका है। तेजस अभी दुनिया के टॉप 10 खतरनाक फाइटर जेट्स में शामिल नहीं है, लेकिन भविष्य में उसके अपडेटेड मॉडल इसमें शामिल हो सकते हैं। स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। यह विमान स्टेल्थ तकनीक पर आधारित होगा। यह 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। भारत इसके 2040 तक भारतीय वायुसेना में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह दो इंजनों वाला बहुउद्देशीय विमान होगा.। भारत इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके बावजूद भारत के पास अभी दुनिया के 2 सबसे खतरनाक फाइटर जेट्स हैं।

## नेहरू को केवल चीन युद्ध से न आंका जाए



जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदि. रा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है, आडवाणीका लो. कसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है, नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से, इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए, उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है।

-शशि थरूर
कांग्रेस सांसद

# बिहार से न्यूयॉर्क तक नफरत भरे भाषण इस्लामोफोबिया चुनावी आख्यानों पर हावी





एम हसन

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी 13,850 किलोमीटर होने के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ खड़े राजनीतिक दलों की राजनीतिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं के साथ हो रहे नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार ने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

अगर नमक हराम, बुर्का और घुसपैठिया बिहार चुनावों में इस्लामोफोबिया पैदा करने वाले नफरत भरे कारक हैं, तो न्यूयॉर्क भी हाल ही में संपन्न हुए प्रतिष्ठित मेयर चुनाव में पीछे नहीं रहा, जिसमें एक भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम जोहरान ममदानी ने अभूतपूर्व रूप से एप्पल सिटी के राजनीतिक वंश को सत्ता से बेदखल कर दिया। ममदानी का मेयर पद का चुनाव अनियंत्रित इस्लामोफोबिया से प्रभावित रहा और इसके जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है। जबकि बिहार में एक कार्टून में दिखाया गया था कि कांग्रेस की एक बस घुसपैठियों और बुर्का पहने महिला से भरी हुई चुनाव के लिए बिहार जा रही है, न्यूयॉर्क में एक कार्टून में लाल रंग के विमान जिस पर ममदानी लिखा था, को एक टावर की ओर जाते हुए दिखाया गया था आतंकवादियों द्वारा 9/11 ट्विन टावर दुर्घटना की याद दिलाते हुए।

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी भले ही 13,850 किलोमीटर है, लेकिन एक समुदाय के खिलाफ खड़े सभी राजनीतिक दलों की राजनी. तिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं को अभी भी जिस नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है, उसने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

ममदानी वास्तव में नस्लवादी हमले का सामना करने वाले अकेले नहीं थे। 2008 में, तत्कालीन डेमोक्रेट राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बराक हुसैन ओबामा यह जानकर हैरान रह गए कि वह मुस्लिम हैं। ओबामा के मुस्लिम होने की अफवाहें उड़ीं, जो उनके अभियान के मीडिया कवरेज का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गईं। ओबामा के विरोधियों ने उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर संदेह जताया और पूछा कि अगर उन्हें पता चले कि डेमोक्रेट को हमास का समर्थन प्राप्त है तो वे कैसे वोट देंगे हालांकि, इस मामले को सुलझाने के लिए, पूर्व विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल, जो उस समय डेमोक्रेट पार्टी में शामिल हो गए थे, ने जोर देकर कहा कि ष्ओबामा मुसलमान नहीं हैं और एक सभ्य पारिवारिक व्यक्ति हैं। वह एक ईसाई हैं। वह हमेशा से ईसाई रहे हैं। फिर भी, पॉवेल ने आगे कहा, ष्अगर ओबामा मुसलमान होते तो क्या होता? क्या इस देश में मुसलमान होने में कोई बुराई है? जब उनका मध्य नाम, हुसैन, एक राजनीतिक हथियार बन गया, तो ओबामा ने खुद को इससे दूर कर लिया। बराक ओबामा विविधता का स्वीकार्य, भयरहित चेहरा बन गए। आकांक्षी, लेकिन सतर्क।

उन्होंने शायद ही कभी अपनी मुस्लिम पृष्ठभूमि का हवाला दिया, आशा की एक व्यापक, रंगभेदी कहानी को चुना। ममदानी एक अलग युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक ऐसा युग जो तालमेल बिठाने में कम और दृढ़ रहने में अधिक रुचि रखता था। जब उनका मध्य नाम विरोधियों के मुंह में कलंक बन गया, तो ओबामा ने ध्यान हटा लिया। ममदानी अपना नाम तब तक धीरे-धीरे उच्चारित करते हैं जब तक कि दूसरे उसे सही नहीं बोल लेते। ओबामा मुस्लिम चश्मे से देखे जाने से बचते रहे। ममदानी कहते हैं कि मुस्लिम होना, अफ्रीका में जन्मा होना और दक्षिण एशियाई होना कहानी है, बोझ नहीं।

हालांकि, ममदानी की सफलता ने न्यूयॉर्क या कहीं और इस्लामोफोबिया को खत्म नहीं किया है अपने प्रभावशाली विजय भाषण में, न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर ने घोषणा की कि अब न्यूयॉर्क ऐसा शहर नहीं रहेगा जहां आप इस्लामोफोबिया का लाभ उठाकर चुनाव जीत सकें। बिहार की बात करें तो, क्या 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में जाने वाले राज्य के मतदाता न्यूयॉर्क सिटी से कोई सबक लेंगे? इसकी संभावना बहुत कम है। जैसे-जैसे बिहार में दूसरे चरण का प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक विमर्श में एक चिंताजनक पैटर्न उभर रहा है। राज्य का राजनीतिक विमर्श नाटकीय रूप से बदल गया है। नफरत फैलाने वाले भाषण, जो कभी चुनावी बयानबाजी का एक मुख्य विषय हुआ करते थे, अब केंद्र में आ गए हैं और रैलियों, सोशल मीडिया और आधिकारिक प्रचार सामग्री के जरिए और भी ज्यादा बढ़ गए हैं। विकास और शासन की भाषा की जगह धीरे-धीरे धर्म, जाति और ष्घुसपैठियोंष जैसे आक्षेपों ने ले ली है, जिससे नागरिक समाज समूहों में चिंता बढ़ गई है।

नफरत पर नजर रखने वाले एक समूह, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) ने हाल ही में एक रिपोर्ट में धार्मिक और जातिगत समुदायों को निशाना बनाकर नेताओं की टिप्पणियों का एक स्पष्ट पैटर्न दर्ज किया है। इसने नमक हराम टिप्पणी को पक्षपातपूर्ण निष्ठा के माध्यम से नागरिकता को परिभाषित करने का प्रयास बताया, एक ऐसी रेखा जो कल्याण प्राप्तकर्ताओं और राजनीतिक समर्थकों के बीच के अंतर को धुंधला कर देती है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह पैटर्न स्पष्ट है। प्रत्एक टिप्पणी संदेह के माहौल को मजबूत करती है, जहां पहचान ही निष्ठा निर्धारित करती है। उत्तर भारत की चुनावी राजनीति में लंबे समय से इस्तेमाल किया जाने वाला घुसपैठिया शब्द बिहार के चुनावी जिलों में नए सिरे से प्रभावी हो गया है। और सोशल मीडिया द्वारा हर नारे को एक साझा करने योग्य मीम में बदलने के साथ, आक्रोश और प्रवर्धन का बिहार का चुनावी इतिहास जातिगत गौरव और धार्मिक विभाजन की अपीलों से भरा पड़ा है। इस बार जो बदला है, वह है प्रचार का पैमाना और गति। डिजिटल प्रचार का ढांचा व्हाट्सएप फॉरवर्ड, एआई-जनरेटेड पोस्टर और एल्गोरिथम माइक्रो-टारगेटिंग यह सुनिश्चित करता है कि विभाजनकारी सामग्री चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया से पहले ही तेजी से फैल जाए, लेकिन 14 नवंबर जिस दिन नतीजे घोषित होंगेकृही बताएगा कि यह विभाजनकारी हथकंडे कारगर रहे या नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट में सबसे आगे आदित्यनाथ

**योगी ने बिहार में सीतामढ़ी, परिहार, पिपरा, सीवान, वैशाली, भोजपुर, राघोपुर, मोतिहारी, पिंपरी, अत्री, रक्सौल, मोहीउद्दीन नगर, सिकटी, नरपतगंज, छातापुर, समस्तीपुर, चंपारण सहित 28 सभाओं में श्रोताओं को न केवल रोमांचित किया, उन्हें बिहार और पूरे देश में भाजपा क्यों जरूरी है, यह अच्छे से बताया भी। योगी ने जितनी भी सभाएं बिहार विधानसभा चुनाव में की उसमें कितनी सीटें एनडीए जीत पाएगी, यह 14 को ही पता चलेगा लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जब चुनाव नतीजों पर चर्चा शुरू हुई तो इसमें यह खास था कि एनडीए सबसे बेहतर प्रदर्शन उन क्षेत्रों में करने जा रही है जहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा हुई।**



यशोदा श्रीवास्तव

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि किस स्टार प्रचारक का स्ट्राइक रेट कैसा होगा? मतलब विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन, गठबंधन में शामिल अन्य दलों के स्ट्राइक रेट की चर्चा तो होती है लेकिन स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर पहली बार चर्चा सुनी गई। इसका मतलब यह है कि किसी भी दल के स्टार प्रचारक ने कितने क्षेत्रों में सभाएं की और इनमें कितनी सीटें जिता पाया?

बता दें कि चुनाव में सभी दलों की स्टार प्रचारकों की लंबी सूची तय होती है। ए अपने अपने दलों के उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं करते हैं। सभाएं आयोजित करने में जो खर्च आता है वह पार्टी वहन करती है न कि प्रत्याशी। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देखा गया कि यूपी की समाजवादी पार्टी ने जिसका एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा था, उसने भी इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारकों को नामित किया और पूरे बिहार में जमकर प्रचार किया और सभाएं की। सपा के स्टार प्रचारकों में स्वयं अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ उमड़ी। सांसद इकरा हसन ने भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सभाएं की। निसंदेह उनकी सभाएं भी बहुत अच्छी रही। इस तरह सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए खूब सभाएं की।

रविवार को जब शाम छह बजे आखिरी चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा तो स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर चर्चा शुरू हो गई। सभी के अपने अपने दावे थे लेकिन चर्चा के केंद्र बिंदु में मुख्य रूप से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ थे। लोग पूरे आत्मविश्वास से कह रहे थे कि योगी आदित्यनाथ ने जितनी सभाएं की है, उसमें दो तिहाई सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत पक्की है। कुछ लोग तो यहां तक कह रहे कि योगी की करीब 28 सभाओं में से 25 पर एनडीए की जीत होगी।योगी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 28 सभाएं की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को भी योगी आदित्यनाथ ने सीता मढ़ी समस्तीपुर और चंपारण में एनडीए के लिए सभाएं की। इसके पहले वे बिहार में 24 सभाएं कर चुके थे। योगी की सभी सभाओं में भीड़ अपरंपार थी। उनकी कई सभाओं में लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे। भीड़ में से श्रोता जोर जोर से नारा लगाते सुने गए, बुलडोजर बाबा बिहार आओ,हम आपके साथ हैं। योगी ने अपनी हर सभाओं की शुरुआत जय राम से की। उन्होंने समूचे इंडिया गठबंधन को राम द्रोही और अपराधियों का समर्थक बता कर खूब वाहवाही लूटी। स्वर्गीय सहाबुद्दीन के बेटे ओसामा सहाब के बहाने आरजेडी पर खूब निशाना साधा। एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगल राज बताया लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे। कांग्रेस को उन्होंने अपने सभी सभाओं में छठ माता का अपमान करने वाला बताया। योगी की सभाओं में उमड़ती भीड़ देख एनडीए उम्मीदवारों में योगी की सभाओं को लेकर होड़ लग गई। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में योगी की सभा चाहते थे। योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा की रैली में महागठबंधन के तीन बड़े नेताओं को पप्पू,टप्पू और गप्पू कहकर उनका जो मजाक उड़ाया वह पूरे बिहार में एनडीए समर्थको में खूब लोकप्रिय हुआ। योगी की भाषण शैली आक्रमक रहती ही है और उनके इसी अंदाज को लोग पसंद भी करते हैं। वे लाग लपेट वाली भाषा और भाषण दोनों से दूर रहते हैं। बिहार में उन्होंने अपनी हर सभाओं में बुलडोजर की बात की। उन्होंने कहा यह बुलडोजर ही है जिससे अपराधी और माफिया यूपी में थर थर कांपते हैं। बड़े माफियाओं और अपरा. धियों ने या तो यूपी छोड़ दी है या राम नाम सत्य हो गए। बिहार में भी इस बार बुलडोजर चलेगा। बिहार की धरती से राम, बुद्ध और नालंदा को रेखांकित करते हुए योगी ने राम के आचरण और बुद्ध के ज्ञान तथा नालंदा के शिक्षा को भी अपने भाषणों के केंद्र में प्रमुखता से रखा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब



तनवीर जाफरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काफी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुए श्वोट चोरीश कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए यहां 1,00,250 फर्जी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य फोटो , और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुए कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करते हुए एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। ठीक उसी तर्ज पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफोड़ किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाए गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।




उन्होंने यहां आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चुराए गए। उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को एच फाइल्स का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिए हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गए और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर फर्जी फोटो लगाई गई थी। इन्हीं फर्जी फोटो में एक चित्र एकब्राजीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके फोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राजीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राजील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा कि दोस्तों, मैं आपको एक मजाक सुनाती हूं यह बहुत भयानक ह। वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है? मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है। गोया ब्राजील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में H Files के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गांधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे Gen Z का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गांधी के अनुसार सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है वन मैन, वन वोट । हरियाणा में यह सिद्धांत नहीं था। वहां वन मैन, मल्टिपल वोट्स हुआ। उन्होंने कहा, वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है। इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे खास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरीके से देने के बजाए केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलफनामा दाखिल करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लाजिमी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को खारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है। आज यदि देश में बिना घर के पते के आधार कार्ड नहीं बन सकता तो मकान नंबर के बिना मतदाता पहचान पत्र कैसे ? यह कौन बताएगा या इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि एक ही व्यक्ति की फोटो का उपयोग अनेक जगहों पर कैसे किया गया? एक ही मकान में 100, 50 या 20-20 मतदाताओं के फर्जी नाम कैसे शामिल किए गए जबकि इन फर्जी नामों के लोग वहां रहते ही नहीं? राहुल का यह भी बेहद गंभीर आरोप है कि चुनाव आयोग ने डुप्लीकेट नाम पता व फोटो हटाने का सॉफ्टवेयर होने के बावजूद इस सॉफ्टवेयर को बंद कर दिया अन्यथा चुनाव पूर्व ही सारे डुप्लीकेट चेक हो जाते। क्या यह आरोप चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा नहीं करता ? राहुल का दावा है कि उनके पास और भी कई सबूत हैं और वे इस प्रक्रिया (वोट चोरी का पर्दा फाश) को जारी रखेंगे। सवाल यह है कि आज राहुल को चुनाव आयोग के विरुद्ध इतने संगीन आरोप क्यों लगाने पड़ रहे हैं जिससे पूरे विश्व में न केवल चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल गई है बल्कि यह सवाल भी खड़ा हो गया है दिल्ली से लेकर विभिन्न राज्यों की सरकारें वास्तव में वही सरकारें हैं जिन्हें जनता द्वारा लंबी लंबी कतारों में घंटों खड़े होकर चुना गया है या फिर उनकी निर्वाचित सरकार चोरी कर ली गई है ? निश्चित रूप से देश का प्रत्येक व्यक्ति जिसे लोकतंत्र व इसकी चुनाव व्यवस्था पर विश्वास है कि वह राहुल के सभी आरोपों के जवाब बिंदुवार चाहता है न कि वह इधर इधर के बहानेबाजी वाले जवाब सुनना चाहता है। यदि राहुल के आरोप गलत और बेबुनियाद हैं तो चुनाव आयोग उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करता ? देश को राहुल के गंभीर सवालों के गंभीर जवाब चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत-अंगोली मिलकर बनाएंगे मजबूत भविष्य

## राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं: अब अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं वंदे भारत ट्रेनें



■ लुआंडा में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत

■ भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है: मुर्मू

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और अंगोला के बीच गहरे और मजबूत संबंध हैं, और दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का निरंतर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंगोला के अफ्रीका में शांति, सुरक्षा और स्थिरता कायम रखने के प्रयासों की सराहना करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है। भारत और अंगोला संयुक्त राष्ट्र सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक है ताकि यह संस्था और अधिक प्रभावी बन सके। हमें इस दिशा में अंगोला के निरंतर समर्थन की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की 'मेड इन इंडिया' वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें देश के रेल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी आधुनिक ट्रेनें अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं युवा आबादी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अंगोला दोनों देशों में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए यह जरूरी है कि वे भविष्य के लिए जरूरी कौशल हासिल करें। उन्होंने शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रविवार को अंगोला की राजधानी लुआंडा में औपचारिक स्वागत समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको भी मौजूद थे। यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच कूटनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू की यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाएगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय राष्ट्रपति ने अंगोला का राजकीय दौरा किया है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, यह यात्रा अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग का प्रतीक है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी सुधाकर दलेला ने बताया कि इस दौरे में राजनीति, अर्थव्यवस्था, विकास और संस्कृति से जुड़ी साझेदारियों पर चर्चा होगी। साथ ही, बोत्सवाना से चीता लाने की संभावना पर भी बात हो सकती है। वहीं बोत्सवाना में राष्ट्रपति व्यापार, निवेश, तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगी और वहां की संसद को भी संबोधित करेंगी।

## शेखर कपूर एआई की मदद से दोबारा बनाएंगे फिल्म 'पानी'

**नई दिल्ली।** करीब एक दशक बाद चर्चित फिल्म निर्देशक शेखर कपूर अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पानी' को फिर से जीवंत करने की तैयारी में हैं, लेकिन इस बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाया जाएगा। गौरतलब है कि यह वही फिल्म है जिसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था, लेकिन निर्माता यशराज फिल्म्स के हटने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। शेखर कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में बताया कि अब वह फिल्म 'पानी' को एआई तकनीक के जरिए दोबारा बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनके अनुसार कि कई लोगों ने कहा था कि यह फिल्म बहुत महंगी है। लेकिन अब मैं इसे एआई से बनाने जा रहा हूं, जो तेज और किफायती, दोनों है।




कोलकाता। 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस समर्थक नारे लगाते हुए।

## जापान के तेनाई शहर के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि

**निगाटा।** जापान के निगाटा प्रांत के तेनाई शहर के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की गई है। प्रांतीय प्रशासन ने रविवार को कहा कि तेनाई शहर के एक पोल्ट्री फार्म में संक्रामक बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के एक संदिग्ध मामले की जेनेटिक टेस्टिंग के बाद पुष्टि हो गई है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह इस सीजन में एक पोल्ट्री फार्म में चौथा पुष्ट मामला है। इससे पहले शहर के एक और पोल्ट्री फार्म और होक्काइडो में दो मामले सामने आए थे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसे देखते हुए लगभग 280000 मुर्गियों को मारने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म ने काएत्सु पशुधन स्वच्छता केंद्र को जानकारी दी कि बड़ी संख्या में मुर्गियां मर रही हैं।

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे

# पाकिस्तान ने मुनीर के लिए संविधान बदला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने के लिए संविधान में बदलाव किया है। अब उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जाएगा। यह भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की तरह होगा। यह नया पद इसलिए बनाया गया है ताकि सेना, नौसेना और वायुसेना आपस में मिलकर बेहतर तरीके से काम कर सकें और तीनों की कमान एक जगह से संभाली जा सके।

इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस साल 20 मई को पाकिस्तानी सरकार ने आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का दर्जा दिया था। मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। मुनीर को 6 महीने में 2 बड़ा प्रमोशन मिला है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीफ ऑफ फोर्सेस बनाने का फैसला मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई चार दिन की झड़प से मिली सीख के बाद लिया गया है। पाकिस्तान ने महसूस किया कि जंग में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है। इसीलिए अब ऐसी यूनीफाइड कमांड सिस्टम लाई जा रही है, ताकि थलसेना, नौसेना और वायुसेना मिलकर एक साथ और तेजी से जवाब दे सकें। पाकिस्तान की संसद में शनिवार को 27वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे पास कर दिया गया है। यह संविधान के अनुच्छेद 243 में बदलाव से जुड़ा है। इसमें आर्म्ड फोर्स से जुड़े 5 बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अब प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज, दोनों की नियुक्ति करेंगे। सेना प्रमुख को ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद भी दिया जाएगा। नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की सलाह से चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज इसके मुखिया की नियुक्ति करेंगे। इस कमांड का नेतृत्व पाकिस्तान आर्मी का अधिकारी करेगा। सरकार को अब अधिकारियों को फील्ड मार्शल, एयर फोर्स मार्शल और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे विशेष रैंक देने की मंजूरी होगी। इनमें से फील्ड मार्शल का पद आजीवन रहेगा। मौजूदा चेयरमैन, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद 27 नवम्बर 2025 के बाद खत्म हो जाएगा 27वां संशोधन सिर्फ सेना से जुड़ा नहीं है। इसके जरिए कुछ और बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें संवैधानिक अदालत की स्थापना, हाई कोर्ट जजों की बहाली और ट्रांसफर, राज्यों को मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी में बदलाव, अनुच्छेद 243 में संशोधन, शिक्षा और जनसंख्या नियोजन से जुड़ी शक्तियों को संघ को वापस करने और चुनाव आयोग की नियुक्तियों में मुश्किलों को खत्म करने जैसी चीजें शामिल हैं। फेडरल कान्स्टिटयूशनल कोर्ट यानी संवैधानिक अदालत संविधान संशोधन का एक अहम प्रस्ताव है। यह अदालत खास तौर पर संविधान से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। जैसे कि केंद्र और प्रांतीय सरकारों के बीच विवाद, कानूनों की संवैधानिक वैधता और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामले। अभी पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ही ऐसे मामलों की सुनवाई करता है, लेकिन नई अदालत बनने के बाद संवैधानिक मामलों की जिम्मेदारी अलग अदालत को मिल जाएगी।



■ देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया जाएगा, मई में बने थे फील्डमार्शल

### मुनीर को ताकतवर बनाने वाले संविधान पर बवाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 27वें संवैधानिक संशोधन को लेकर हंगामा हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस संशोधन से संविधान की नींव हिल जाएगी। गौरतलब है कि इस संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ताकत और बढ़ जाएगी। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और अन्य विपक्षी दलों वाले गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज -आईन-ए-पाकिस्तान ने संविधान संशोधन का देशव्यापी विरोध करने का एलान किया है। मजलिस वहदत ए मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कहा कि इस संविधान संशोधन से देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो जाएंगी और पूरे देश को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि यह संविधान संशोधन संविधान की नींव हिला देगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में एक की मौत

**गाजा/यरूशलम।** गाजा में शनिवार को हुए दो इजरायली हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के अनुसार पहले हमले में इजरायली टैंकों ने अल-बुरेइज शरणार्थी शिविर के पास गोले दागे और भारी मशीनगन से गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अल-अवदा अस्पताल ने एक बयान में पुष्टि की है कि उन्हें एक शव मिल गया है। नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया कि दूसरे हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी इलाके में इजरायली गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा में एक एक फिलीस्तीनी को मार गिराया है। आईडीएफ ने दावा किया कि दोनों और एक तीसरे ने 'एलो लाइन' पार कर ली थी जो गाजा में इजराइली सेना की तैनाती वाले क्षेत्रों को चिह्नित करती है और आईडीएफ सैनिकों के पास पहुंच गए थे। इजरायल और हमास के बीच 10 अक्टूबर को हुए युद्धविराम से इजरायली हमलों में कमी तो आई है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से रोका नहीं है।

# पहली बार बांग्लादेश पहुंचा पाकिस्तानी वॉरशिप

■ चार दिन चटगांव में रहेगा, भारत से तनाव के बीच करीब आ रहे बांग्लादेश और पाकिस्तान

**ढाका।** 1971 के युद्ध के बाद पहली बार पाकिस्तान का एक युद्धपोत बांग्लादेश पहुंचा है। शनिवार को पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ बंगाल की खाड़ी से होते हुए चटगांव बंदरगाह पहुंचा। यह जहाज चार दिन की सद्भावना यात्रा (गुडविल विजिट) पर है, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना बताया गया है। बांग्लादेश नौसेना के मुताबिक, इस जहाज की कमान कैप्टन शुजात अब्बास राजा के पास है।

चटगांव पहुंचने से पहले बांग्लादेश नौसेना के जहाज ठछै शाधीनोता ने समुद्र में ही पाकिस्तानी जहाज को औपचारिक सलामी दी और बंदरगाह तक एस्कार्ट किया। यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के अधिकारी आपसी मुलाकात करेंगे और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा 12 नवम्बर को समाप्त होगी। 2024 के अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पाकिस्तान उन शुरुआती देशों में था, जिसने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। इसके बाद से ढाका और इस्लामाबाद के रिश्ते लगातार बेहतर हो रहे हैं, जबकि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में हाल के महीनों में तनाव बढ़ा है। पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ इन दिनों तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहाज के एचपी-5 स्टेबलाइजर सिस्टम में गड़बड़ी आई है, जो जहाज की स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए अहम होता है। इस खराबी के कारण समुद्री यात्रा के दौरान जहाज का कंट्रोल प्रभावित हो सकता है और नेविगेशन में दिक्कतें आती हैं। पीएनएस सैफ को चीन ने 2010 में पाकिस्तान को बेचा था। यह वही फ्रिगेट क्लास का जहाज है जिसमें पीएनएस शामशीर और पीएनएस आसलत भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन दोनों जहाजों में भी इसी तरह की तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार, चीन ने इस क्लास के जहाजों की सप्लाई के लिए पाकिस्तान से करीब 6375 करोड़ रुपए वसूले थे।

# ममदानी के बाद सैकत चक्रवर्ती सांसद बनने की दौड़ में

### सैन फ्रांसिस्को से चुनाव लड़ेंगे, सुभाषचंद्र बोस वाली टी-शर्ट पहनी, तो अमेरिकियों ने कहा था नाजी समर्थक

**वाशिंगटन।** पिछले हफ्ते भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा। अब भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सैकत चक्रवर्ती का नाम चर्चा में है। नैंसी पेलोसी के रिटायरमेंट की घोषणा के बाद सैन फ्रांसिस्को की संसद सीट खाली हो गई है। अब 39 साल के सैकत को डेमोक्रेटिक नामिनेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

ममदानी की तरह सैकत भी अमेरिका में उभर रही प्रोग्रेसिव लीडर्स की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं। इससे पहले सैकत 2018-19 में सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनने पर विवादों में घिर गए थे। उनपर मीडिया ने नाजी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप लगाया था। सैकत पुराने डेमोक्रेट विचारों को बदलना चाहते हैं। पुराने डेमोक्रेट गरीबों के लिए मुफ्त इलाज, पढ़ाई और नौकरी देने को प्राथमिकता मानते हैं। जबकि नए लीडर बीच का रास्ता अपनाते हैं। उनका मोटिव बिजनेस में मदद को बढ़ावा देना, फ्री ट्रेड और वेलफेयर रिफार्म करना है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने चक्रवर्ती की तुलना ममदानी से की है, खासकर उनके प्रचार करने के तरीके के कारण। ममदानी की तरह, चक्रवर्ती ने भी बदलाव और सुधार को अपने अभियान का अहम हिस्सा बनाया है। दोनों की कैंपेन स्टाइल एक जैसी है। अप्रैल में कैंपेन शुरू करते हुए सैकत ने कहा था कि यह मौका है कामकाजी लोगों के लिए असली मूवमेंट, क्रांति लाने का। ममदानी की जीत पर सैकत ने एक्स पर लिखा कि जोहरान ने साबित किया कि चाहे विरोधी कितना भी पैसा खर्च कर ले, अगर आम लोग बदलाव के लिए एकजुट होकर काम करते हैं तो उन्हें हराया जा सकता है। चक्रवती भी ममदानी की तरह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के पक्षधर हैं।

## ब्राजील में बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार रात को आए बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है जबकि लगभग 750 लोग घायल हुए हैं और कम से कम एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार रियो बोनिटो डू इगुआकु शहर में कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि लगभग 14000 लोगों के घर वाले शहर का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा तबाह हो गया है। अधिकारियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पराना के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने राहत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए आपातकालीन धनराशि जारी करने में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।

# अमेरिका के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा

## 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के अधिकारिक दौरे पर पहुंचे



■ सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे

**वाशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वाशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।

सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रम्प की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टाम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं। अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

# थाइलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून लागू

■ निर्धारित समय के बाद शराब पीने पर जुर्माना

**बैंकाक।** थाईलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून आठ नवम्बर से प्रभावी हो गया, जिसमें निर्धारित समय-सीमा के बाद शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इससे पर्यटन एवं नाइटलाइफ को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि थाईलैंड के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र ने अल्कोहल नियंत्रण अधिनियम (संख्या दो) बीई 2568 पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कानूनी रूप से बिक्री के बाद तय समय के अतिरिक्त शराब पीने पर दंड का प्रावधान है। शराब की खपत पर कड़ा नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बनाए गए इस कानून से जनता एवं पर्यटन उद्योग में व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत, समय-सीमा का उल्लंघन करने पर सिर्फ विक्रेताओं को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 11:00-14:00 और शाम 6:00-24:00 के बाद रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीने पर 10000 बाट तक का जुर्माना लग सकता है। इस कदम की स्थानीय एवं विदेशी मीडिया दोनों ने आलोचना की है और थाईलैंड आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

# ब्राजील में तेज हवाओं व भारी बारिश से तबाही

### इमारतें ढहीं, सड़के टूटीं, छह मौतें

**ब्रासीलिया/मनीला।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ।

यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है। फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नार्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है।



■ फिलीपींस में 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून, 1.5 लाख लोग रेस्क्यू किए गए

# जापान में आया 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप

■ सुनामी की चेतावनी, छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के निर्देश

**टोक्यो।** जापान में रविवार को इवाते प्रांत के तट के पास 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया है। दोपहर 1:33 बजे आए झटके के बाद मौसम विभाग ने इवाते प्रांत के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की। इसके बाद इवाते के ओफुनातो शहर में तटीय इलाकों से 6138 लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओफुनातो पोर्ट में 10 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। इससे पहले, समुद्र में तट से करीब 70 किलोमीटर दूर कमजोर सुनामी देखी गई। सुनामी एडवाइजरी तब जारी की जाती है जब लहरें 1 मीटर तक पहुंचने की आशंका होती है। भूकंप का असर रेलवे पर भी पड़ा। ईस्ट जापान रेलवे के अनुसार, तोहोकू शिंकानसेन की बिजली कुछ देर के लिए चली गई और सेंडाई से शिन-आओमोरी के बीच ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108